Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 22 | बुधवार, 22 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रूपया

## हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार

# बेलगावी में बोलीं प्रियंका गांधी- राहुल से डरती है सरकार



नई दिल्ली।

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति संविधान के खिलाफ है, जिसका असर आपके जीवन पर पड़ता है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। लेकिन अगर आप इखढ शासित प्रदेशों में जाएंगे तो वहां किसान बिजली बिल देखकर रोते हैं।

एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी, जिससे बिजली के बिल बढ़ाए जा सकें। आज देश का किसान संकटों से घिरा हुआ है, उसे हर चीज में ऋरळ भरनी पड़ती है। वो 1-1 लाख रुपए के कर्ज के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है। दूसरी तरफ मोदी सरकार उद्योगपतियों का 17 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर देती है। ये संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आज इखढ सरकार हर ओर निजीकरण कर सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों को सौंप रही है। निजीकरण से आरक्षण खत्म हो जाता है। इखढ ने लेटरल एंट्री के जरिए भी आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की है। यही संविधान विरोधी नीतियां कही जाती हैं। इसीलिए जब हम कहते हैं कि इखढ संविधान को कमजोर कर रही है, तो उसका मतलब होता है, ये लोग आपको कमजोर कर रहे हैं और आपके जीवन में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति संविधान के खिलाफ है, जिसका असर आपके जीवन पर पड़ता है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। लेकिन अगर आप इखढ शासित प्रदेशों में जाएंगे तो वहां किसान बिजली बिल देखकर रोते हैं। उन्होंने कहा कि देश में लोगों के जीवन में संविधान से बड़ी कोई चीज नहीं है।

**संविधान आपको अन्याय से बचाता है**

## राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 3777 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ



**लखनऊ।** राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 3,777 सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अब पांच वर्ष बाद भर्तियां होने से युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।

कैबिनेट ने संशोधित नियमावली को मंजूरी दे दी है। अब समकक्ष अर्हता का शब्द हटा दिया गया है। ऐसे में न्यायालयों में वाद लंबित नहीं होंगे और आसानी से भर्ती की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 436 प्रवक्ताओं और 3,341 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकेगा। उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) एलटी ग्रेड सेवा (षष्टम संशोधन) नियमावली, 2024 व उप्र विशेष अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2024 को लागू किए जाने के बाद अब सहायक अध्यापकों यानी एलटी ग्रेड शिक्षकों के लिए स्नातक और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड उपाधि होगी।

## श्रद्धालुओं को राम नाम लेखन का ऋण दे रहा है श्रीराम बैंक

**नई दिल्ली।** यह श्रद्धालुओं को प्रभु राम का नाम लिखने का ऋण देने वाला बैंक है। अब तक यहां से करोड़ों राम नाम लिखने का ऋण दिया जा चुका है। यहां जमा करने से ज्यादा ऋण लेने की होड़ है। यह बैंक है...मगर पैसों का लेनदेन नहीं करता। इसका नाम है, श्रीराम बैंक। यह श्रद्धालुओं को प्रभु राम का नाम लिखने का ऋण देने वाला बैंक है। अब तक यहां से करोड़ों राम नाम लिखने का ऋण दिया जा चुका है।

## सुरक्षाबलों के ऑपरेशन से नक्सलियों के हौसले पस्त



नई दिल्ली।

राजनीतिक इच्छा शक्ति और सटीक रणनीति। पिछले एक साल भीतर नक्सलियों के हौसले पस्त करने में मिली सफलता को इन्हीं दोनों शब्दों से समझा जा सकता है। ठीक एक साल पहले 21 जनवरी 2024 को गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व एवं सुरक्षा बलों के प्रमुखों के साथ बैठक में नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को हरी झंडी दी थी।

छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के विपरीत नवनियुक्त विष्णु देव साय सरकार ने इस रोडमैप को अमली जामा पहनाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई और नतीजा सबके सामने है। नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के अमित शाह के रोडमैप में तीन अहम बिंदू हैं। नक्सलियों के कोर इलाके में सुरक्षा बलों की अग्रिम चौकियां स्थापित कर सुरक्षा गैप को भरना, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून का इस्तेमाल कर ईडी की मदद से नक्सलियों को मिलने वाली फंडिंग के स्त्रोत को पूरी तरह से बंद करना और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून का इस्तेमाल पर नक्सली गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ एनआईए की जांच कराकर कड़ा सजा सुनिश्चित करना। कहना नहीं होगा कि तीनों ही फ्रंट में राज्य प्रशासन के सहयोग से बेहतरीन काम हुआ। 2019 के बाद सुरक्षा बलों की 290 अग्रिम चौकियां स्थापित की गईं, जिनमें अकेले 2024 में 58 अग्रिम चौकियां शामिल हैं। इस साल 2025 में सुरक्षा बलों की कुल 88 अग्रिम चौकियां स्थापित करने का लक्ष्य है। राज्य सरकारें, ईडी और एनआईए ने नक्सल फंडिंग से जुड़ी 72 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की है।

## नवाब मलिक के खिलाफ मामले में मुंबई पुलिस लगाएगी क्लोजर रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** एफआईआर गोरेगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी, और याचिका के माध्यम से वानखेड़े ने जांच एजेंसी को एफआईआर में नामित व्यक्तियों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की कुछ धाराएं जोड़ने का निर्देश देने की भी मांग की थी। अधिनियम की धारा 3 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ अपमान, धमकी और अन्य अत्याचारों के कृत्यों को अपराध मानती है। वानखेड़े ने इस धारा की कुछ उपधाराओं को लागू करने की मांग की थी।

मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया है कि जांच करने के बाद, उन्होंने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा दायर शिकायत में मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष 'सी'-सारांश रिपोर्ट दाखिल करने का निर्णय लिया है। 'सी'-सारांश रिपोर्ट एक पुलिस रिपोर्ट है जिसे एक जांच अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास दाखिल करता है। यह एक प्रकार की सारांश रिपोर्ट है जिसे आपराधिक मामलों में दायर किया जा सकता है। वानखेड़े ने राकांपा (अजित पवार) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ 2022 में उनके द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में उठाए गए कदमों के बारे में जानने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

**समीर वानखेड़े से जुड़ा है मामला**

## खरगे ने रानी लक्ष्मीबाई से की प्रियंका गांधी की तुलना, कहा- भाजपा और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहीं



बेलगावी।

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी की तुलना ऐतिहासिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कित्तूर रानी चेन्नम्मा व झांसी की रानी लक्ष्मी बाई से करते हुए कहा कि वह 'स्त्री शक्ति' का प्रतिनिधित्व करती हैं।

इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी को 'युवा शक्ति' का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, 'अगर कोई कित्तूर चेन्नम्मा है, तो वो प्रियंका गांधी हैं। अगर कोई झांसी की रानी है, तो वो प्रियंका गांधी हैं। वह बहुत मजबूत हैं। अपने पिता राजीव गांधी की हत्या होने के बाद उन्होंने परिवार को संभाला। हमारे पास स्त्री शक्ति के रूप में प्रियंका गांधी और युवा शक्ति के रूप में राहुल गांधी हैं।' खरगे ने आगे कहा, 'बेलगावी कित्तूर रानी चेन्नम्मा की जन्मस्थली है। वह महान महिला थीं जो देश के सम्मान और लोगों के लिए लड़ीं। इसी तरह, अगर कोई ताकतवर महिला है जो भाजपा और आरएसएस के खिलाफ लड़ रही है, तो वो प्रियंका गांधी है। उनमें वो दम है।'गांधी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि पार्टी ने बेलगावी में आयोजित एकमात्र कांग्रेस अधिवेशन की शताब्दी मनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है। उस अधिवेशन की अध्यक्षता 1924 में महात्मा गांधी ने पार्टी के अध्यक्ष के रूप में की थी। उन्होंने बेलगावी में महात्मा गांधी द्वारा कहे शब्द दोहराए, 'मैं जिंदा रहना चाहता हूं भारत के लिए, मरना चाहता हूं भारत के लिए।' जय बापू, जय भीम और जय संविधान विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस के अलावा भी बहुत सी सरकारें आईं और गईं, लेकिन किसी भी सरकार में ऐसा मंत्री नहीं था जो संसद में खड़ा होकर आंबेडकर का अपमान करे।

## 'मैंने खुद 70 घंटे काम किया, मगर किसी को जबरन ऐसा करने के लिए नहीं कह सकते', नारायण मूर्ति का नया बयान

**मुंबई।** इंफोसिस के सह संस्थापक एनआरएन नारायण मूर्ति ने कहा है कि किसी को जबरदस्ती लंबे समय तक काम करने के लिए नहीं कहा जा सकता। लेकिन, हर किसी को इस बारे में स्वयं सोचना चाहिए और इसकी जरूरत समझनी चाहिए। उन्होंने हाल ही में युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेश मंत्री को दिलाई शपथ



नई दिल्ली।

अमेरिका में नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेश मंत्री के पद पर सीनेटर मार्को रुबियो को शपथ दिलाई है। वहीं शपथ ग्रहण के बाद मार्को रुबियो ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप को वादे निभाने के लिए चुना गया था और वे उन वादों को निभाने जा रहे हैं। अमेरिका में नए सरकार के मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी शुरू हो गया है, इस कड़ी में कल राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बाद आज विदेश मंत्री की शपथ दिलाई गई है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेश मंत्री के पद पर सीनेटर मार्को रुबियो को शपथ दिलाई है।

## हमास संग सीजफायर के बीच ये क्या हो गया, इजराइली सेना प्रमुख ने किया इस्तीफे का ऐलान



**नई दिल्ली।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि इजराइल ने मंगलवार को वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए और 35 घायल हो गए। इससे पहले, इजराइल ने फिलिस्तीनी आतंकवादियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण और व्यापक सैन्य अभियानह्व की घोषणा की थी। गाजा में युद्ध भड़कने से पहले भी, हाल के वर्षों में शहर ने बार-बार इजरायली हमलों और आतंकवादियों के साथ गोलीबारी देखी है।

युद्धविराम लागू होने के कुछ दिनों बाद, इजराइल के शीर्ष जनरल लेफ्टिनेंट जनरल हजी हलेवी ने 7 अक्टूबर को हमास के आश्चर्यजनक हमले से संबंधित सुरक्षा और खुफिया विफलताओं का हवाला देते हुए मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया, जिससे गाजा पट्टी में युद्ध शुरू हो गया। लेफ्टिनेंट जनरल हलेवी 7 अक्टूबर को सुरक्षा विफलता पर इस्तीफा देने वाले सबसे वरिष्ठ इजरायली व्यक्ति हैं, जब हमास के नेतृत्व वाले हजारों आतंकवादियों ने इजरायल के दक्षिणी हिस्से में बहुआयामी भूमि, समुद्र और हवाई हमला किया था। हमले में लगभग 1,200 लोग हताहत हुए, जबकि 250 लोगों का अपहरण कर लिया गया और उन्हें बंधक बनाकर रखा गया।

## बदलेगा मौसम का मिजाज, हिमपात और वर्षा से बढ़ सकती है ठंड



**नई दिल्ली।** मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली और आसपास अगले दो दिन बादल गरज सकते हैं और हल्की वर्षा होने का भी अनुमान है। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में कोहरा भी हो सकता है। दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.1 डिग्री ऊपर था। दिल्ली के साथ पंजाब और हरियाणा में भी अगले दो दिन हल्की वर्षा हो सकती है। इधर जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर मंगलवार को हिमपात हुआ। जबकि हिमाचल और उत्तराखंड हिमपात होने की संभावना है। वर्षा और हिमपात के कारण एक बार फिर तापमान गिरने से ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश में अभी पूर्वी जिलों में कोहरे का असर रहेगा। तेज हवाओं के चलने से तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। कश्मीर घाटी में मौसम फिर मेहरबान हुआ और उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हुई। श्रीनगर समेत निचले इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई, लेकिन बर्फ के साथ हुई बारिश ने इसे जमने नहीं दिया। उच्च पर्वतीय इलाकों में हुई बर्फबारी के चलते कुपवाड़ा-केरन और बांडीपोरा-गुरेज मार्ग यातायात के लिए बंद किए गए है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी घाटी के कई इलाकों में बर्फबारी व बारिश होने की संभावना जताई है। गुलमर्ग माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा। इधर, जम्मू में पूरे दिन धूप खिली रही। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान है। 22 व 23 जनवरी को शिमला, मनाली समेत कई स्थानों पर हिमपात व वर्षा की संभावना है। वहीं मंगलवार को हिमाचल में ऊंचाई वाले स्थानों में बादल रहे, निचले क्षेत्रों में धूप निकली है।

## संपादक की कलम से

### खो-खो के सरताज


ललित शर्मा
संपादक

ब्रिटिश काल में भारत में तमाम ऐसे खेल पनपे जिन्होंने परंपरागत स्वदेशी खेलों को हाशिये पर डाल दिया। एक ओर जहां महंगे खर्च वाले खेलों को तरजीह दी गई, वहीं बिना खर्च के शारीरिक–मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने वाले खेलों के प्रति हेय भाव जगाया। यही वजह है कि बाजार के खेल में हॉकी, शरीर सौष्ठव के कलात्मक खेल व खो–खो जैसा संपूर्णता का स्वास्थ्य देने वाला खेल अनदेखी का शिकार हुए।

यह सुखद ही है कि भारत में पहली बार दुनिया में खो–खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले दिनों पंद्रह जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो–खो वर्ल्ड कप की शुरूआत हुई थी। जिसका समापन उन्नीस जनवरी को हुआ। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से जिस विजय अभियान की शुरूआत की थी, उसका समापन नेपाल के खिलाफ शानदार जीत से हुआ। इस तरह अब भारत महिला व पुरुष वर्ग में पहली वर्ल्ड चैंपियन टीम बन गई है। रविवार को हुए फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चैंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो–खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो–खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो–खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था। निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो–खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम–साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो–खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो–खो भारत में खेला जाने वाला ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये न केवल रणनीति की जरूरत होती है बल्कि मनुष्य के आदर्श गुणों चुस्ती–फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो–खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला।

# क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को मिल पाएगी तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति?

दुनियावी चक्रब्यूह में निरंतर घिरते जा रहे अमेरिका ने जब यौद्धिक 'चंद्रायण व्रत' की बात कही तो सहसा विश्वास नहीं हुआ! वहीं, दुनिया के थानेदार की मजबूरी, दूरदर्शिता और खुदगर्जी भी स्पष्ट महसूस हुई। क्योंकि लगातार किसी न किसी सांसारिक संघर्ष में उलझकर थक-हार चुके देश अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विक्ट्री रैली में विक्ट्री स्पीच देते हुए जो कुछ संकेत दिया, उसका सार-सत्य यही है कि अपने लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका अब तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ना चाहता है और इसकी बची-खुची संभावनाओं को भी जल्द खत्म करने की हिमायत करेगा।

इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति मिल पाएगी? या फिर यह किसी अन्य देश यथा- चीन या रूस के मार्फत अन्य देशों पर थोपी जाएगी, जिससे प्रथम विश्वयुद्ध की भांति अमेरिका दूर रहेगा। यूं तो दूसरे विश्वयुद्ध के शुरूआती चरण में भी अमेरिका इस महायुद्ध से दूर ही रहा था, लेकिन जब मजबूरी वश उसमें शामिल हुआ तो युद्ध के परिणामों को अपने गुट पक्ष में बदल दिया।

वहीं, उसकी मौजूदा साफगोई से भी इसी बात का पता चलता है कि अभी भले ही वह तीसरा विश्वयुद्ध नहीं लड़ना चाहता हो, लेकिन यदि उस पर तीसरा विश्वयुद्ध थोपा गया तो इसके भी परिणाम बदलने की क्षमता उसमें है और रही-सही कसर को पूरा करने के लिए ही वह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' पर फोकस करना चाहता है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपना नया रास्ता चुन लिया है। अब शेष विश्व को यह तय करना है कि वह आगे क्या करेगा। इस नजरिए से भारत की राह भी स्पष्ट है। जो अमेरिका से अब एक हद तक मिलती जुलती है।

कहना न होगा कि समकालीन विश्व में कभी जल के सवाल पर, कभी तेल के प्रश्न पर, कभी रूसी कीप एंड बैलेंस की नीतियों से, तो कभी चीनी विस्तारवादी रणनीतियों से और कभी दुनिया के देशों पर शासन करने की इस्लामिक देशों की सामूहिक महत्वाकांक्षा से अभिप्रेरित तृतीय विश्वयुद्ध की अमूमन दस्तक देता रहता है। जानकार बताते हैं कि यूएसए और यूएसएसआर के बीच शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भले ही अमेरिका ने दुनिया की थानेदारी की, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व वाले 'नाटो' को अब जिस तरह से रूस और चीन मिलकर 'ब्रिक्स देशों' के मार्फत घेर रहे हैं, उससे तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी प्रतीत होता है।

आपने देखा होगा कि कभी मिडिल-ईस्ट देशों में, तो कभी क्वाड देशों के अगुवा के तौर पर अमेरिका की भूमिका अक्सर संदेह के घेरे में रही है। वहीं, रूस-यूक्रेन विवाद के युद्ध में तब्दील हो जाने के बाद अमेरिकी दुविधा को लेकर और उसकी नवपरिवर्तित आर्थिक नीतियों को लेकर यूरोपीय संघ के कुछ देशों, यथा- जर्मनी-फ्रांस-इंग्लैंड आदि के द्वारा जिस तरह से उसके नेतृत्व पर सवाल उठाए जाने लगे हैं, इससे अमेरिकी चिंता बढ़नी स्वाभाविक है।

वहीं, ग्रीन लैंड द्वीप को खरीदने, पनामा नहर पर पुनः अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित करने, मेक्सिको के समीप दीवार खड़ा करने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने आदि को लेकर जो अमेरिकी सक्रियता दिखी है, उससे अमेरिकी-यूरोपीय महाद्वीपों में हलचल स्वाभाविक हैं। यदि एशिया महाद्वीप की बात करें तो यहां चीन-रूस की जोड़ी अमेरिका पर हावी है। भारत को साथ लेकर अमेरिका यहां संतुलन साधना चाहता है, लेकिन भारत-रूस



की पुरानी मित्रता यहां आड़े आ जाती है। वहीं, अफगानिस्तान-पाकिस्तान-बंगलादेश-म्यांमार-श्रीलंका आदि भारत के पड़ोसी देशों को लेकर और जम्मूकश्मीर से तिब्बत तक के विवादों को सुलझाने की दिशा में अमेरिका की 'क्षुद्र रणनीतियों' की वजह से भारत भी उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पा रहा है।

वहीं, उत्तर कोरिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों और आशियान देशों के प्रति अमेरिका की जो ढुलमुल रणनीति रही है, उससे भी भारत चिंतित रहता है। या फिर अरब देशों पर आधिपत्य को लेकर जो अमेरिकी रणनीति रही है, उससे भी भारत परेशान रहता है। भारत इजरायल के निकट है, लेकिन अरब देशों को भी नाराज करने की स्थिति में वह नहीं है। जबकि ईरान से लेकर यूक्रेन तक में अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो की जो भूमिका रही है, सीरिया से लेकर यूक्रेन तक जो अमेरिकी रणनीति रही है, इससे भारतीय कूटनीति भी प्रभावित होती आई है।

यही वजह है कि यदि अमेरिका अपनी पुरानी शस्त्र व्यापार कूटनीति पर अडिग रहता है तो तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी है। वहीं, इधर देखा जा रहा है कि जर्मनी-फ्रांस, भारत-जापान, ईरान-तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया-ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका-इंग्लैंड, कनाडा-मैक्सिको आदि पर नाटो का प्रभाव जहां कम हुआ है, वहीं ब्रिक्स देशों के नेतृत्वकर्ता चीन-रूस का रणनीतिक दबाव बढ़ा है। ऐसे में अमेरिकी महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखने में ही अमेरिका की भलाई है। शायद दुनिया के विभिन्न देशों की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के चलते ही अमेरिका ने अब अपने को कछुए की भांति निज कवच में ही महफूज रहने की रणनीति अपना ली है, जो उसका दूरदर्शिता भरा कदम है।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध, चीन-ताइवान विवाद आदि के बाद सम्भावित तीसरे विश्व युद्ध की अलग-अलग उठ रही शंकाओं/संभावनाओं को हतोत्साहित करने के लिए अपनी ओर से जो प्रतिबद्धता जताई है, वह काबिलेतारीफ है।

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद दिए अपने भाषण में ट्रंप ने कहा कि 'अमेरिका का स्वर्णिम काल अभी से शुरू हो गया है। हम अपनी संप्रभुता बनाए रखेंगे। दुनिया हमारा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। अमेरिका में अब घुसपैठ नहीं होगी।' इस दौरान एक बार फिर ट्रंप ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा दोहराया।

इस दौरान ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका में अब सेंसरशिप नहीं होगी। आज की तारीख अमेरिकियों के लिए आजादी का दिन है। अब हमारे देश का कोई भी इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। जो भी इस देश का इस्तेमाल करेगा उसे सबक सिखाया जाएगा। ट्रंप ने अपने ऊपर चुनाव प्रचार के दौरान हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसलिए ही बच गए क्योंकि उन्हें अमेरिका को बहुत आगे ले जाना है।

ट्रंप ने आगे यह भी कहा कि, 'आज से, हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में हमारा सम्मान किया जाएगा। हम किसी देश को खुद का अब और फायदा उठाने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी संप्रभुता को दोबारा हासिल किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक ऐसा राष्ट्र बनाना होगा जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो।'

इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंफ ने कहा, 'हम अपनी दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हैं। उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए सेना भेजने का भी ऐलान किया और कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं।

दुनियादारी पर ट्रंप ने दो टूक कहा कि, अंतरिक्ष में अमेरिका का परचम लहराएगा। मेरी शपथ से पहले इजराइली बंधक छूटे। मिडिल ईस्ट में शांति बहाली के लिए कोशिश करेंगे। मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करेंगे। अमेरिका के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजेंगे। सेना अपने मिशन के लिए आजाद होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने फिर कहा, दूसरे की जंग में अमेरिका सेना नहीं जाएगी। मैं चाहता हूं कि दुनिया मुझे शांति दूत के तौर पर जाने।

वहीं, चीन को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि पनामा कैनाल से चीन का अधिपत्य खत्म करेंगे। पनामा कैनाल को वापस लेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि, मैं देशों को जोड़ने की कोशिश करूंगा। शांति स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। अमेरिका सैनिकों के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। मैं युद्ध रोकने की कोशिश करूंगा। वहीं, ट्रंप ने आगे कहा कि दूसरे देशों पर टैक्स और टैरिफ बढ़ाएंगे। हम देश की कानून व्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। **-कमलेश पांडे**

## मोनिका डागा

### हर हर गंगे

कविता



कल–कल कल–कल बहती मातु श्री गंगे,
उत्तुंग शिखर से लहराती आई प्राण तरंगे,
देवी भागीरथी माता अति पतित पावनी,
जय जय जय विष्णु चरणोद अमृत संगे ।

हर–हर हर–हर गंगे मंत्रोच्चारण कर ले मन से,
जन्म जन्मांतर के प्यासे फिर कभी न तरसे,
कृपामयी मंदाकिनी है ये साक्षात मोक्षदायिनी,
पाप धुले सारे अनंत ₹आनंद₹ सुख निधि बरसे ।

भक्ति भाव से जो गंगा जी की आराधना करें,
स्नान, जप, ध्यान, कीर्तन और साधना करें,
दु:खनाशिनी देवपगा सदा ही आरोग्य वर्धिनी,
त्रिपथगा भव बाधाओं से पूर्णतया मुक्त करें ।

शशि, डमरू, सर्प, त्रिशूल महादेव के साजे,
जान्हवी तरंगिणी गंग माथ जटा जूट विराजे,
शोक निवारणी, पापहारिणी, सर्व सुखकारिणी,
महिमा गंगे की त्रिलोक मुनि, वेद, पुराण बांचे ।

परमवेगनी, रसातलनिवासनी शुभता निर्मले,
शुभा, ऊंकाररूपिणी श्रीदायै, सौभाग्यप्रदाये,
जगत्प्रिया, सर्वदेवपूजिता, पतितोद्धारिणी,
विनती करो स्वीकार दयालु गंगा महामाये ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप-पहले भाषण में ही फैसलों की झड़ी- दुनियाँ की नींद उड़ी


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी, जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति के लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली, फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6) अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आवर्जन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले वर्ष सख़्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था, जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षों की आलोचना तक कर दी। चूँकि ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले




रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरूआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षों से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया। ट्रंप ने कहा कि वह हर जाति, धर्म, रंग और पंथ के अमेरिकियों के लिए आशा, समृद्धि और शांति वापस लाने के लिए उद्देश्य और गति के साथ आगे बढ़ेंगे। ट्रंप ने उन राज्यों में अपनी बड़ी जीत की ओर इशारा किया, जहां मुकाबड़ा कड़ा माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों को, मैं आपके वोट के माध्यम से मुझे दिखाए गए प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने अभियान में आपकी आवाज सुनी है और मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अब अमेरिका में राष्ट्रीय एकता लौट रही है और आत्मविश्वास और गौरव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें मेरा प्रशासन उत्कृष्टता और निरंतर सफलता की प्रबल खोज से प्रेरित होगा। हम अपने देश को नहीं भूलेंगे, अपने संविधान को नहीं भूलेंगे और अपने ईश्वर को नहीं भूलेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे। आगे कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे। कई दशकों में ऐसा पहली बार हुआ जब राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह खुले में ना होकर अमेरिकी संसद के भीतर हुआ। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में ट्रंप ने कई बड़े ऐलान किए, ट्रंप ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा, अमेरिका का स्वर्णिम दौर आज से शुरू हो गया है। उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा की और सेना भेजने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि हम अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे, जहां से वो आए हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में अब सिर्फ दो जेंडर होंगे - महिला और पुरुष।

# श्यामपुर गांव फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के थाना देहात क्षेत्र के गांव श्यामपुर में 11 अक्टूबर को रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार दो बदमाशों ने गांव श्यामपुर निवासी अतुल पुत्र सेंसर पाल पर फायरिंग कर दी थी। इससे पहले 24 जुलाई को सेंसर पाल पर फायरिंग का मामला सामने आया था। दोनों मामलों में वांछित चल रहे 25- 25 हजार के दो आरोपियों को देहात थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम 24 वर्षीय गुल्लू उर्फ शिवांशु शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा निवासी जरोठी रोड नवदुर्गा कॉलोनी थाना हापुड़ देहात तथा 23 वर्षीय सुशांत उर्फ विक्की उर्फ कबूतर पुत्र अनिल कुमार निवासी अनुज विहार थाना हापुड़ देहात है। गिरफ्तार किए गए गुल्लू के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल तीन जिंदा कारतूस तथा सुशांत से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस तथा एक ब्रेजा गाड़ी को बरामद किया है। आरोपियों को पुलिस ने गोल चक्कर से करीब 50 मीटर पहले बाबूगढ़ की ओर चौकी क्षेत्र ततारपुर से गिरफ्तार किया है।मुख्य आरोपी पहले हो चुका है गिरफ्तार इस प्रकरण में पुलिस मुख्य आरोपी फौजी अभिषेक उर्फ सैंकी निवासी गांव श्यामपुर को 11 दिसंबर तथा आरोपी के तीन साथी हापुड़ के शिवनगर निवासी पिंकू शर्मा, जरोठी रोड निवासी मनीष और गांव गोहरा आलमगीरपुर निवासी देवेंद्र को 15 नवंबर को गिरफ्तार कर चुकी है।यह हैं दो मामलें जानकारी के अनुसार देहात थाने में 24 जुलाई को एक मुकदमा सेंसर पाल पुत्र नत्थू ने दर्ज कराया था जिसने बताया था कि रात 12:00 वह अपने घर में सोया हुआ था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार अभिषेक तथा रविंद्र पुत्र विजेंद्र राय ने मोटरसाइकिल रोक कर पिस्तौल व तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी जिसमें वह बाल-बाल बच गया। इतने में पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए और उन्होंने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस के मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।वहीं 11 अक्टूबर को सेंसरपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके घर पर दुर्गा पूजन चल रहा था। उसका बेटा अतुल घेर में बैठा हुआ था। तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और उन्होंने मलकपुर जाने का रास्ता पूछा। अतुल कुछ समझा पाता तभी बाइक सवारों ने उस पर फायरिंग कर दी थी।

## सीएचसी सेमरियावां में शार्ट सर्किट से लगी आग, परिसर हुआ धुआं धुआं

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को शाम लगभग 3.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने से अस्पताल में भगदड़ मच गई।किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। कोई हताहत नहीं हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में मंगलवार को शाम लगभग 3.30 बजे मेन सप्लाई बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लग गई। पूरे अस्पताल में धुआँ से भर गया। अस्पताल में इस दौरान भगदड़ मच गई। यहां तक डिप लगे मरीज भी अस्पताल से बाहर भागे।

चीफ फार्मासिस्ट अफजाल अहमद तथा प्रतिरक्षण अधिकारी मुहम्मद कौसर खान के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।समाजसेवी वसीम अहमद ने आग लगने की सूचना बिजली विभाग को दी। काफी देर तक अस्पताल में धूआ भरा रहा।

# बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया को मिला राष्ट्रीय युवा आईकॉन अवार्ड



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय श्रीमद भागवत कथा व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया को राष्ट्रीय आईकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

युवा जनकल्याण सेवा समिति गोरखपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आईकॉन 2025 सम्मान समारोह में सबसे कम आयु की अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया को सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनने के लिए राष्ट्रीय युवा आइकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री पुष्पदंत जैन, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, धरा धाम के प्रमुख संत डॉ. सौरभ, भाजपा के वरिष्ठ नेता भानु प्रकाश मिश्रा, बौद्ध संग्रहालय के उपनिदेशक डॉ. यशवंत, समाजसेविका सुधा मोदी, देहदानी डा रागिनी पाण्डेय,वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सुनिशा श्रीवास्तव,शायर प्रमोद चोखानी सहित अनेक विशिष्ट शख्सियत मौजूद रही। समारोह का शानदार संचालन पत्रकार सुनील मणि त्रिपाठी और कवयित्री सरिता सिंह ने किया। स्वर सागर संगीत विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। समिति केअध्यक्ष अनुज कुलदीप पाण्डेय ने इस आयोजन की सफलता का श्रेय अपनी टीम के समर्पण और संकल्प को दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच समाज के उन नायकों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के कल्याण में लगे हुए है।

## गांव की तस्वीर बदल रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा



**संतकबीरनगर।** विकास खंड बेलहर कला के गांव लोहरौली ठकुराई में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा की मेहनत रंग ला रही है। ओपन जिम का सेटअप लगाकर उन्होंने गांव के लोगों एक और सौगात दी है। गांव की बागडोर संभालने के बाद गुड्डू विश्वकर्मा निरंतर गांव के विकास के लिए दिन रात एक किये हुए हैं। गांव में सड़कों, नाला निर्माण का कार्य कराने के बाद हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगाकर उन्होंने गाँव को जहां हाईटेक बना दिया है तो वहीं ओपन जिम का सेटअप लगाकर गांव के विकास को उड़ान दी है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने बताया कि गांव की जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। गांव को आदर्श गांव बनाने का वह प्रयास कर रहे हैं।

## इनामी गीता ज्ञान प्रतियोगिता-2025 आनंदम मंगल महा मिलन में 23 मार्च 2025 को सम्पन्न होगी



**लखनऊ।** इस्कॉन मन्दिर के अध्यक्ष, श्याम के दिशा निर्देशन मे गीता ज्ञान प्रतियोगिता 2025 जो 26 जनवरी 2025 को आयोजित होनी थी, विधार्थियों की परीक्षाएं होने के कारण उनकी सहभागिता न कर पाने के से अब परीक्षाओं के उपरांत 23 मार्च 2025 को इस्कॉन मन्दिर में आयोजित ₹आनंदम मंगल महा मिलन₹ मे सम्पन्न होगी। श्रीमद भगवत गीता इनामी प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से होगी जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः रू 11000/-, 5000/- एवं 3000/- पुरस्कार दिया जायेगा।

## शीतलहर को देखते हुए कम्बल और गर्म वस्त्र वितरण किए



**मथुरा/छाता।** छाता के गांव बरौली में सर्दी के सितम देखते हुए महिलाओं, असहाय जन गरीब साधु जनों को पब्लिक हेल्प चेरिटेबल सेंटर के तत्वाधान में वस्त्र वितरण प्रकल्प के द्वारा कम्बल वितरण का कार्य किया गया, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल गर्म वस्त्र वितरण किए गए। जिनसे कड़कड़ाती ठंड में उनका बचाव किया जा सके। संस्था के प्रभारी सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया हर साल ठंड शुरू होते ही कम्बल वितरण सेवा प्रारंभ कर दी जाती है, नर सेवा ही नारायण सेवा है, यह कम्बल सेवा हर उस गरीब के जीवनदायनी साबित होगा जिन पर ठंड से बचने के लिए कोई उपाय नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित गौरव अविरल शास्त्री, शुभम वार्ष्णेय, पवन सोनी, हर्ष कुमार, प्रखर अग्रवाल, चंद्रपाल सिंह, निखिल वार्ष्णेय, अंकित आदि लोग ने वितरण में उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया ।परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया ।निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । महोदय द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में गणना कार्यालय, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया गया।

## भाषा गणित की दक्षताओं में लाएं बेहतरी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार के दिन ब्लॉक के सभी 12 न्याय पंचायतों में शिक्षकों की बैठक की गई। न्याय पंचायत सेमरियावां के समस्त शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक कंपोजिट स्कूल सेमरियावां में नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली की अध्यक्षता में हुई।इस बैठक में न्याय पंचायत सेमरियावां के सभी विद्यालयों को निपुण और भाषा गणित की दक्षताओं में सुधार करने पर जोर दिया गया ।

इस मासिक बैठक में गणित किट, विज्ञान किट,शिक्षण अधिगम में नवाचार, दीक्षा ऐप, पी एम ई चैनल, स्मार्ट क्लास के माध्यम से कक्षा शिक्षण और नवाचार आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। सत्र परीक्षा की तैयारी,बच्चों की विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थित हेतु विचार विमर्श किया गया।विद्यालय में इको क्लब,स्पोर्ट्स क्लब,गणित क्लब, विज्ञान क्लब,जियोग्राफी क्लब आदि गतिविधि की तैयारी पर शिक्षकों से चर्चा की गई। विद्यालयों में पूर्व की भांति गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु तैयारी हो।बैठक में डीसीएफ भरे गए।

बैठक में जफीर अली,अब्दुल खालिक,ज्ञान चंद,शिव चरण गुप्ता, नबीउल्लाह,जर्रार अहमद, ज्ञान चंद, रजिया खातून,रेहाना खातून,आमिना खातून, सरवरी खातून,शमा अजीज खान, खुर्शीद जहां, नाहीद अंजुम, नुजहत बतूल मौसमा खातून, शाहीना खातून आदि मौजूद रहीं।

# जैविक खाद से चक्रीय अर्थव्यवस्था में मिलेगा उद्यमिता रोजगार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा स्थानीय युवाओं के लिए चिकसौली सार्वजनिक वाचनालय व पुस्तकालय, चिकसौली समीप चित्रा सखी मंदिर बरसाना मथुरा पर एक सेमिनार ₹चक्रीय अर्थव्यवस्था में उद्यमिता के अवसर, विशेष संदर्भ जैविक खाद₹ विषय पर आयोजित किया।

जिसमें मुख्य वक्ता निहार शर्मा डायरेक्टर मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने इस विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार युवा चक्रीय अर्थव्यवस्था में उभरते हुए उद्यमिता के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं और किस तरह खुद पैसा भी कमा सकते है, स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकते हैं और साथ साथ पर्यावरण को भी बचा कर अपनी सकारात्मक भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में यह उद्योग 12 प्रतिशत से बढ़ रहा है और यह अपेक्षित है कि यह उद्योग भारत वर्ष सन 2030 में बढ़ कर 3500 करोड़ रुपए का हो जाएगा जिसमें से आधा यानी पचास प्रतिशत बाजार केंचुआ खाद का होगा। ज्यों ज्यों सरकार का प्रोत्साहन और लोगों की मांग जैविक खेती जैविक पदार्थों की बढ़ेगी त्यों त्यों जैविक उर्वरकों की भी मांग बढ़ेगी।

इस मौके पर उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनों और बैंकों द्वारा ऋण देने का भी जिक्र किया। यह सराहनीय है कि युवा प्रतिभागियों ने इस विषय बहुत रुचि दिखाई और उनके विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। जिनमें तकनीकी जानकारी से लेकर किस तरह ऋण प्राप्त किया जा सकता है शामिल रहे। फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री लक्ष्मी कांत गौड़ ने बताया के इस सेमिनार के अनुक्रम में जल्द एक वर्कशॉप जैविक खाद से संबंधित और बैंक से किस प्रकार ऋण प्राप्त किए जा सकते हैं इस विषय पर की जाएगी और उसके उपरांत मार्केटिंग इत्यादि विषयों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी दीक्षा यादव, आनंद यादव आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीसीडीसी की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय सहाकारिता दिवस के अवसर पर डी०सी०डी०सी० (डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक मे जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाने के लिये माहवार कार्य योजना बना कर उसका कियान्वयन कराये जाने से सम्बंधित सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धन सहकारिता को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में रिक्त न्याय पंचायतों में बी-पैक्स का गठन व समस्त ग्राम पंचायतों को दुग्ध अथवा मत्स्य विभाग की किसी एक समिति से आच्छादित किया जाये। समितियों में अधिक से अधिक किसानों/आम जन को सदस्य बनाकर उन्हे सरकार की बिभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया जाये।

सहकारिता विभाग में प्रत्येक न्याय पंचायत में कार्यरत बी-पैक्स के गोदाम/भवन को नियमानुसार भू राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया जाये तथा समस्त बी-पैक्स को कायाकल्प योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/नगर पंचायत की बिभिन्न निधियों से मरम्मत व रंगाई पुताई कराये जाने सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त बिन्दुओं पर गहनता से विचार करते हुए नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। समितियों के गोदाम/भवन को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया, तथा कायाकल्प योजना में समितियों की मरम्मत हेतु मुख्य विकास अधिकारी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# वसी अहमद खान- शिक्षा के प्रति समर्पण की मिसाल

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव दुधारा निवासी वसी अहमद खान ने अपनी शिक्षा वाराणसी में पूरी की। उनके पिता श्री नसीम अहमद वाराणसी में लॉ कॉलेज के प्रोफेसर थे। उनके दादा अब्दुर्रऊफ प्राइमरी स्कूल के शिक्षक थे। वसी अहमद खान का पालन पोषण उच्च शिक्षा प्राप्त माहौल में हुआ। शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह जब अपने पैतृक गांव आये तो उन्हें महसूस हुआ कि इस इलाके में अच्छी शिक्षा का अभाव है। बच्चों में टैलेंट तो है लेकिन उन्हें इसका अवसर नहीं मिल रहा है। बच्चों के सवार्गीण विकास को लेकर उन्होंने दुधारा में द शान सेंट्रल एकेडमी की स्थापना अप्रैल 2006 में की। ला की डिग्री होने के बाद भी उन्होंने शिक्षा क्षेत्र को चुना। वह कहते हैं कि भले ही मुझे आर्थिक लाभ नहीं मिला लेकिन आज मुझे आत्म संतुष्टि है कि मैंने इलाके के लोगों में शिक्षा का अलख जगा दिया। वह कहते हैं कि शिक्षा का मकसद बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारकर उसे समाज के एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

वसी अहमद खान द शान सेंट्रल एकेडमी, दूधारा के संस्थापक और संचालक हैं। वे पिछले 18 वर्षों से स्कूल का संचालन कर रहे हैं और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। खान साहब की अद्भुत हैंडराइटिंग आज भी प्रेरणादायक है और उनके स्कूल के छात्रों की सुंदर लिखावट उनकी शिक्षण शैली को दर्शाती है। वे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास पर जोर देते हैं। उनका उद्देश्य बच्चों को केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान बनाना है।

खान साहब अपने विद्यालय को एक ऐसी संस्था बना रहे हैं जहां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित हो सके। उनका समर्पण और शिक्षा के प्रति जुनून उन्हें आदर्श शिक्षक बनाता है।

# पीने के पानी के लिए रेल यात्रियों की काटी जा रही है जेब

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रेलवे जंक्शन प्रबंधन एक पंथ दो काज के रास्ते पर चल पड़ा है ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है क्योंकि रेलवे जंक्शन प्रशासन द्वारा यात्रियों के लिए जो शुद्ध जल की व्यवस्था की गई थी वह इन दोनों पूरी तरीके से धराशाई नजर आ रही है, रेलवे जंक्शन प्रशासन द्वारा प्लेटफार्म नंबर 2 पर लगी पानी की टोटियों के गायब होने के बाद, खाली पानी की निकासी वाले पाइप में लकड़ियां ठूस दी गई है, रेलवे प्रशासन द्वारा इस तरीके के कार्य से कहीं ना कहीं उन्हें दौहरा फायदा मिल रहा है रेलबे जंक्शन पर पानी की बोतलें धड़ल्ले से बिक रही है, इसमें रेलवे प्रशासन की कोई न कोई सेटिंग तो जरूर हो चुकी है इसीलिए तो यात्रियों को फ्री में मिलने वाले पानी की जगह को पूरी तरीके से चोक कर दिया गया है, जिससे किसी भी यात्री को जब पानी की आवश्यकता हो या प्यास लगे तो वह पानी की बोतल ही खरीदने के लिए मजबूर हो।

रेलवे प्रशासन की इस हरकत से उसे दो फायदे मिल रहे हैं नंबर एक प्लेटफार्म पर अनायास पानी फैलने की वजह से गंदगी नहीं होती, उसे साफ कराने के लिए रेलवे प्रशासन को कोई मशक्कत नहीं करनी होती, वहीं दूसरी तरफ पानी की बोतल बिकने से उसे मुनाफा होता है। लंबी दूरी की ट्रेन जब रेलवे जंक्शन पर कुछ समय के लिए रुकती हैं तब यात्री नीचे उतरकर बोतलों में पानी भरने का प्रयास करते हैं लेकिन जब रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म पर कहीं भी उसे पानी की उपलब्धता नहीं दिखाई देती तो मायूस होकर उन्हें पानी की बोतल ही खरीदनी होती है। कुछ यात्रियों का कहना है कि क्या रेलवे जंक्शन प्रशासन के पास पर्याप्त तकनीकी कर्मचारी नहीं है जो इन पानी की टोंटियों को दुरुस्त कर सके, या फिर जानबूझकर हालात ऐसे बनाए जा रहे हैं कि लोगों की जब कटती रहे और रेलवे प्रशासन मौन धारण करे रहे।

# टीवी रोग से बचाव के लिए हमें सजग रहना होगा : डॉ . मधु गुप्ता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के दिशा निर्देशन में डॉक्टर मधु गुप्ता की अध्यक्षता में जे पी एकेडमी एवं डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों तथा शिक्षकों को टीवी रोग के बारे में जागरूक करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता ने कहा कि सिर्फ खांसी ही टी बी का लक्षण नहीं होती, यदि हमें दो हफ्ते से खांसी हो, मुंह से खून आता हो, बुखार आ रहा हो, थकान महसूस होती हो, सीने में दर्द हो, सांस लेने में तकलीफ हो, गर्दन में गांठ हो, रात में पसीना आ रहा हो, भूख ना लग रही हो या वजन कम होता जा रहा हो ये सभी भी टीवी के लक्षण ही है इनको हमें नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में लगातार कैंप लगाए जाएंगे ताकि वहां पर मरीजों की सुचारू रूप से चिकित्सकीय परामर्श दिया जा सके एवं जांच की जा सके।

इस अवसर पर डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी एवं जे पी एकेडमी के प्रधानाचार्य मिलिंद गंगवार एवं उनके समस्त स्टाफ के साथ स्वास्थ्य केंद्र के हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, वंदना चौहान, श्रवण कुमार, सरस्वती एवं मीता गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षक संकुल बैठक में बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने पर जोर

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** विभागीय निदेर्शानुसार मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का सफल आयोजन हुआ ।बैठक में

पूर्ण मनोयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने सहित अपार आईडी जनरेट करने, द्वितीय सत्र परीक्षा की तैयारी, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने व दीक्षा एप आदि का शिक्षण कार्य में प्रयोग किए जाने पर गहनता से चर्चा की गई।

मंगलवार को विभागीय एजेंडे के अनुसार ब्लॉक की समस्त न्यायपंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन हुआ ।न्यायपंचायत रानीनांगल की मासिक शिक्षक संकुल बैठक समग्र विद्यालय मुड़िया द्वितीय में आयोजित की गयी ।बैठक में बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने हेतु शैक्षणिक सामग्री यथा प्रिंटरिच एवं किट्स, खेल आधारित शिक्षण, दीक्षा एप तथा यू ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे प्रशिक्षण वीडियोज का शिक्षण कार्य में प्रयोग किए जाने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया।

न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल मोहम्मद आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल मोहसिन अख्तर, मोहम्मद रिजवान, राजेन्द्र कुमार और सुभाष सागर ने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों से पूर्ण मनोयोग से विभिन्न तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए शिक्षण कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों का माहौल ऐसा बनाएं जिससे बच्चों में पढ़ने और सीखने का शौक पैदा हो। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक करनपाल सिंह, मोहम्मद लईक सैफी, योगेंद्र सिंह, सचिन यादव, प्रमोद कुमार, रामेश्वरी देवी, सुम्बुल इस्लाम, शबनम मेराज, प्रीति शर्मा, आकांक्षा देवी और साजिद अली आदि मौजूद रहे।

## रुपए की लेनदेन को लेकर हुई मारपीट पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मिद्दगान निवासी महिला ने अपने पड़ोस की ही महिला और उसके पति पर उधार दिए गए रुपए न देने ओर छुरी मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला मिद्दगान निवासी महिला कौसर पत्नी साजिद ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता ने अपने पड़ोस की ही महिला बानो पत्नी शौकीन ने को ब्याज पर तीन लाख रुपए दिलवाए थे। पीड़िता का आरोप है कि बार बार रुपए मांगने के बाद भी महिला रुपए वापस नहीं कर रही है। मंगलवार को पीड़िता ने अपने रुपए मांगे तो आरोप है कि बानो ने अपने पति शौकीन के साथ मिलकर पीड़िता को छुरी मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज संक्रांति पर्व मनाया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज हवाना होटल में संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में रजनी गुप्ता ने बहुत ही सुंदर शब्दों में लोहड़ी और संक्रांति की जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह पर्व फसल पकने और अच्छी खेती का प्रतीक है। यह शीत ऋतु जाने और वसंत ऋतु के आने का संकेत देता है इस पर्व पर अग्नि देवता को तिल गुड़ गेहूं की बाली इत्यादि दान करके पूजा की जाती है इसी दिन से हिंदू त्योहारों की विशेष शुरूआत भी मानी जाती है। तिल के दान का भी विशेष महत्व है।

सभी सदस्याओं ने हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया तथा सामूहिक कृत्य करके एक दूसरे को लोहड़ी संक्रांति की बधाई दी तथा तिल के लड्डू और मूंगफली की चिक्की के साथ कार्यक्रम संयोग का सीमा तिवारी और रचना सोनी ने सभी का मुंह मीठा कराया साथ ही सभी को तिल के लड्डू रेवड़ी गजक मूंगफली पॉपकॉर्न इत्यादि भेंट किये।

कार्यक्रम में रजनी गुप्ता निधि नगरिया नेहा झा रश्मि महेंद्रू अनीता वासुदेव दिव्या गुप्ता मीनू चावला शशि सरावगी रजनी सेठ कुसुम साहू कल्पना गुप्ता सुनीता मनु भारती पल्लवी चतुवेर्दी राम श्री गुप्ता अनामिका टंडन अलका मित्तल इत्यादि उपस्थित रहे सीमा तिवारी तथा रचना सोनी ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन किया तथा कार्यक्रम के अंत में सचिव पल्लवी चतुवेर्दी तथा निधि नगरिया ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो लगाया पलायन का पोस्टर, दो गिरफ्तार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक दंपति के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की थी। पुलिस के द्वारा मामले में कार्रवाई न किए जाने से नाराज पीड़ितों ने घर के बाहर पलायन के पोस्टर लगा दिए। आनन फानन में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग धारा में जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुभाष ने कई दिन पूर्व बताया था कि गांव के ही कई लोगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए उसकी भूमि एवं चकरौड पर कब्जा कर रखा था। पीड़ित ने अपनी भूमि और चकरौड को कब्जा मुक्त कराने के लिए उप जिलाधिकारी कैराना को एक लिखित में शिकायती पत्र दिया था। उप जिलाधिकारी के आदेश पर गत दिवस शुक्रवार को नायब तहसीलदार राहुल सिंह, कानूनगो एवं लेखपाल सहित पुलिस टीम के साथ पीड़ित की शिकायत पर जांच करने के लिए पहुंचे थे। टीम ने जांच के दौरान दबंगों द्वारा भूमि एवं चकरौड पर कब्जा पाया था। राजस्व विभाग की टीम पैमाइश कर निशानदेही कर चली गई थी। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने टीम के जाने के बाद पीड़ित के घर पर आकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोलते हुए जमकर मारपीट की थी। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट में पीड़ित एवं उसकी पत्नी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। शोर शराबा होने पर आरोपी पीड़ित व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। परिवार के अन्य लोगों ने पति-पत्नी को घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ितो ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के द्वारा मामले में कार्रवाई न किए जाने से नाराज सुभाष ने मंगलवार को अपने मकान के पर ताला लगाकर पलायन का पोस्टर लगा दिया। मकान पर पलायन का पोस्टर लगने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अशोक व सतीश पुत्र सिताब सिंह को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में जेल भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष एक ही समाज के लोग हैं। पलायन जैसा कोई मामला नहीं है। मामले में मुकदमा पंजीकृत हैं। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का लगाया आरोप

**कांधला।** कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी एक महिला ने दो युवकों पर घर में घुसकर पीड़िता की पुत्री के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है ।पीड़िता ने एक आरोपी को दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी एक महिला ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री कस्बे के कैराना रोड स्थित एक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती है। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता अपनी पुत्री को विद्यालय से लेकर अपने घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी बीच दो युवक पीड़िता की पुत्री का पीछा करते हुए पीड़िता के घर में घुस गए। शोर शराबा होने पर एक आरोपी युवक मौके से फरार हो गया, जबकि एक युवक को पीड़िता की मां ने दबोच लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ आज

वेलकम इंडिया




**मथुरा ।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन क्रीड़ास्थली मथुरा में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नए युग की शुरूआत होने जा रही है। गोवर्धन रोड स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ 22 जनवरी 2025 को होगा। संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं, विश्वस्तरीय चिकित्सकों और 200 बिस्तरों की क्षमता के साथ नेत्र रोगियों के लिए एक नई आशा लेकर आ रहा है। शुभारंभ अवसर पर देश के जाने माने उद्योगपति, संतजन एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी सहित समाज के गणमान्य जन मौजूद रहेंगे।

समाज के हर वर्ग के सहयोग से निर्मित हुए संस्थान में समूचे उत्तर भारत के रोगियों को निदान व श्रेष्ठ समाधान मिलेगा। इसके लिए विदेश से भी कई ख्यातिलब्ध चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देने आ चुके हैं।

संस्थान सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान में 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग, लग्जरी वार्ड और बच्चों के नेत्र विकारों के लिए विशेष बाल नेत्र केंद्र की व्यवस्था है। बाल नेत्र विकार समाधान केन्द्र आगामी पीढी को नेत्र विकार से मुक्त करने के लिए स्थापित किया गया है।

## कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने कर्मचारियों की लंबित मांगो के सम्बन्ध में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौपा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा, महामंत्री रामअचल द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगो के सम्बन्ध में आज दिनांक-21.01.2025 को प्रभारी अधिकारी (अधि0) अशोक सिंह को ज्ञापन सौपा। संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा द्वारा बताया गया कि संघ प्रतिनिधियों एवं नगर आयुक्त महोदय के मध्य हुई वार्ता दिनांक-27.09.2024 में बनी सहमति उपरान्त जारी कार्यवृत्त संख्या-481/मु0वि0/विविध दिनांक-26.11.2024 का अनुपालन सुनिश्चित न होने के कारण कर्मचारियों में व्यापक रोष व्याप्त है जिसके निदान समयबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया। प्रभारी अधिकारी (अधि0) अशोक सिंह द्वारा संघ को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही लम्बित मांगो की पूर्ति की जाएगी।

चतुर्थ श्रेणी से द्वितीय श्रेणी लिपिक, द्वितीय श्रेणी लिपिक से प्रथम श्रेणी लिपिक, माली से प्रधान माली, सहायक अध्यापिका से मुख्य अध्यापिका, आशुलिपिक से सचिव के पद पर पदोन्नति किया जाना। जनवरी 2025 में ए0सी0पी0 कमेटी गठित कर पात्र कर्मचारियों को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान कराया जाना। कर्मचारियों का स्थाईकरण किया जाना। नगर आयुक्त के मध्य हुई वार्ता दिनांक-27.09.2024 में बनी सहमति उपरान्त जारी कार्यवृत्त संख्या-481/मु0वि0/विविध दिनांक-26.11.2024 के बिन्दु संख्या-01, 03, 04, 07, 14, 15, 19, 22 व 23 का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना। दिन मंगलवार के ज्ञापन के कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा महामंत्री राम अचल उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार, मंत्री रेखा यादव संगठन मंत्री निखलेश खरे कार्यालय प्रभारी शत्रोहन कोषाध्यक्ष श्री यश विजय प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

## छात्रों के गुटों ने मारपीट कर किया एक छात्र को घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डुढार निवासी एक छात्र को आधा दर्जन से अधिक छात्रों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित छात्र ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव डुढार निवासी निखिल पुत्र बलेल कश्यप क्षेत्र के खेड़ा कुर्तान में स्थित कॉलेज में कक्षा दस का छात्र है। सोमवार को छात्र कॉलेज की छुट्टी होने के बाद अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच क्षेत्र के गांव गढ़ी रक्खा निवासी राजेंद्र छोकर के भतीजे ने अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर छात्र को रोक लिया और गली गलौच करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त युवकों ने छात्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता को मरने की अवस्था में किया रेफर

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सीएचसी शोहरतगढ़ में प्रसूता कक्ष में एक महिला के इलाज में लापरवाही करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रसूता को नॉर्मल प्रसव होने के बाद ब्लड गिर रहा था। इसकी जानकारी स्टाफ नर्स को देने के बाद भी चिकित्सक को जानकारी नहीं दी गई। प्रसव के 10 घंटे बाद जब प्रसूता के शरीर से ज्यादा ब्लड गिर गया और उसकी हालत खराब होने लगी। उसके बाद जिला मुख्यालय माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां प्रसूता को भर्ती कर इलाज किया गया। परिजनों ने डीएम को पत्र भेजकर सीएचसी के स्टॉफ नर्स पर आरोप लगाया कि सूचना देने के बाद इलाज में लापरवाही की। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता को मरने की अवस्था में रेफर किया और स्टाफ नर्स मरीजों को मारपीट व भद्दी-भद्दी गालियां देती रहीं।

## मदर टेरेसा आश्रम में महिला मोर्चा ने 51 कम्बलों का किया वितरण



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा की महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के द्वारा गरीब असहाय लोगो को कम्बल वितरित किये इस मौके पर महा सभा के प्रमुख पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

कम्बल वितरण का आयोजन झांसी के मदर टेरेसा आश्रम में किया गया इस मौके पर प्रदेश सदस्य कुमुद श्रीवास्तव ने कहा महा सभा द्वारा महानगर में लगातार गरीब असहाय लोगो को भीषण शर्दी से राहत देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष ऐसा आयोजन करते रहते है जिससे इन लोगो कुछ हद तक राहत मिल सके इस मौके पर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा खरे ने वताया की महानगर के मदर टेरेसा आश्रम रह रहे लोगो को सभी के सयुक्त प्रयास से 51 कंबल का वितरण कराया गया । इसके लिए जल्द ही प्रदेश कार्यकरणी को चयनित पदाधिकारियों की सूची सौप दी जाएगी।

इस पवन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप खरे विकाश खरे ,विजय खरे बालकिशन ,ब्रजबिहारी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड के रिहर्सल का निरीक्षण किया




वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया तथा गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई ।इस दौरान हिमांशु माथुर क्षेत्राधिकारी सादाबाद, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे । इस दौरान परेड द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गयी ।गणतंत्र दिवस परेड में कुल 8 टोली भाग ले रही है, जिसमें सिविल पुलिस, पीएसी व महिला पुलिस की टोलियां है ।गणतन्त्र दिवस परेड में क्षेत्राधिकारी सादाबाद परेड कमान्डर, द्वितीय कमाण्डर प्रतिसार निरीक्षक, तृतीय कमाण्डर सुशील कुमार, महिला टोली की कमांडर रितु तोमर होगे। परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, पीआरवी वाहन, बज्र वाहन, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, श्वान दल, फायर ब्रिगेड की गाडियो द्वारा भाग लिया जा रहा है ।

गणतंत्र दिवस की परेड का ग्रांड रिहर्सल 24 जनवरी को किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रिहर्सल के दौरान आने वाली कमियों को सुधारने एवं परेड में एकरूपता-साज-सज्जा व अनुशासन बनाये रखने के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर आने वाले आगन्तुकों के बैठने आदि की व्यवस्था व होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया एवं परेड को मोहक बनाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

# चयन कमेटी द्वारा प्रतिभाओं को मौका दिए जाने से भारतीय टीम ने जीता देश के लिए सोना

वेलकम इंडिया

- मुन्नी जून में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन के माध्यम से दिया मौका
- खो खो ओलंपिक एशिया में शामिल हो तो भारत के लिए आएगा स्वर्ण

**हरियाणा/हिसार।** भारतीय खो खो टीम ने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने का काम किया पहले ही विश्व कप में भारत की शानदार जीत के साथ खाता खुला है। हालांकि इससे पूर्व कभी खो-खो का विश्व कप या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं हो रही थी लेकिन भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और प्रतिभावान खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका दिया। चयन कमेटी में मुन्नी जून जो भारतीय टीम की प्रशिक्षक भी है उन्होंने भी अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जिस कारण आज भारत का डंका बजा और बिठमडा जैसे गांव की बेटी को भी विश्व कप में खेलने का मौका मिला। हालांकि बेटी मीनू धतरवाल वैश्य महाविद्यालय रोहतक की छात्रा है और वहां पर बीए प्रथम वर्ष में अपनी शिक्षा ग्रहण कर रही है भारतीय खो खो टीम की प्रशिक्षक एवं चयन कमेटी की सदस्य मुन्नी जून भी रोहतक से संबंध रखती है। मुन्नी जून ने खेल को अधिक ऊंचाई तक ले जाने के लिए मेहनती व प्रतिभावान खिलाड़ियों को मौका दिया ।हालांकि भारतीय खो खो महासंघ द्वारा विश्व कप के लिए 60 लड़के तथा 60 लड़कियों का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से मात्र 15 खिलाड़ी चुने गए जिन्होंने भारत के लिए सोना जीतने का काम किया यह प्रशिक्षण शिविर 8 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित था। भारतीय खो खो महासंघ एवं चयन कमेटी ने भी भारत की जीत के लिए अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया तभी आज पुरुष तथा महिला वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक हासिल करने का काम भारतीय टीम ने किया। हालांकि भारतीय खो खो महासंघ एवं भारतीय खो-खो टीम की प्रशिक्षक मुन्नी जून को भी विशेष बधाई दी जा रही है क्योंकि मुन्नी जून में भारतीय टीम को प्रतिदिन प्रशिक्षण के दौरान निखार लाने में अपना हम योगदान दिया जिस प्रकार खिलाड़ियों को विश्व कप जीतने के बाद में सरकार द्वारा सम्मान मिलेगा। ऐसे ही भारतीय टीम की प्रशिक्षक को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। जिसके लिए मुन्नी जून एवं भारतीय खो-खो महासंघ बधाई की पात्र होगी। भारतीय खो खो टीम की प्रशिक्षक मुन्नी जून के दिशा निर्देशन में भारतीय खो-खो टीम ने एशियाई प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल गत वर्ष किया था और उन्हीं के दिशा निर्देशन एवं प्रशिक्षण में आज विश्व कप भी जीतने का काम किया है।

मुन्नी जून ने हरियाणा टीम को अपना विशेष प्रशिक्षण दिया तभी हरियाणा की विशेष पहचान बनी और आज देश की टीम के लिए है अपना प्रशिक्षण दे रही है तो देश की टीम भी स्वर्ण पदक लाने का काम कर रही है।

भारतीय खो खो टीम की प्रशिक्षक मुन्नी ने भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल महासचिव एस त्यागी प्रदेश महासचिव महेंद्र कंबोज एवं जिला महासचिव मोनू दलाल को शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि एक अच्छे प्रशिक्षण के लिए उनकी जिम्मेदारी दी गई है उनको उन्होंने बखूबी निभाया है भविष्य में आगे भी मौका देंगे तो भारतीय टीम को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का काम किया जाएगा।

राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से भारतीय टीमों को मिलेगा सम्मान

भारतीय खो खो टीम को विश्व कप जीतने के बाद में देश की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू पुरुष महिला वर्ग की टीमों को विशेष सम्मान देने जा रही है और उस उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दोनों टीमों से मिलकर अपना आशीर्वाद देने का काम करेंगे।

ओलंपिक में एशिया में अगर खो-खो खेल शामिल होगा तो भारत के लिए सोना आने में आसानी होगी क्योंकि भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है अभी तक जो भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हुई है उन सब में स्वर्ण पदक भारत में जितने का काम किया है क्योंकि चार बार एशियाई प्रतियोगिता हो चुकी है दो बार साउथ एशियाई प्रतियोगिता चार बार टेस्ट मैच हो चुके हैं साउथ एशिया एशिया चैंपियनशिप 2019 में नेपाल में हुई थी प्रतियोगिता जो असम में 2023 में हुई थी जहां भारत और नेपाल के मध्य मैच हुआ था और उसमें भी स्वर्ण पदक हासिल करने का काम किया।

खो खो खेल के खिलाड़ियों को देश के लिए सोना है पसंद भारतीय खो खो टीम जब से अंतरराष्ट्रीय माचो में खेलने लगी तभी से देश को सोना जीतवाने का काम कर रहे हैं वहीं भारतीय टीम की प्रशिक्षक मुनी जून ने कहा कि 2036 की ओलंपिक खेलों में खो-खो खेल को सम्मिलित किया जाएगा और ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक भारतीय टीम लेकर के आएगी। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाड़ियों ने धरती से जुड़े होने के बाद आज मैट पर भी सोना जीतने की कसर नहीं छोड़ी और देश को सोना जितवाएगे आने वाले समय में भी देश के खिलाड़ी पीछे नहीं हटेंगे।



# चांगीपुर बिंदल शुगर मिल में विशाल कृषि यंत्र मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



नूरपुर। बिंदल शुगर मिल चागीपुर परिसर में जिंदल समूह के निदेशक संस्कार बिंदल एवं शिविक बिंदल की उपस्थिति में एक विशाल कृषि यंत्र मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषि यंत्र मेले का उद्घाटन सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष अमित कुमार ने सभी संचालक एवं डॉ विकास मलिक कृषि वैज्ञानिक के साथ फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों के द्वारा 24 छोटे ट्रैक्टर किसानों को छूट पर वितरित किए गए। जिसमें 21 ट्रैक्टर महिंद्रा कंपनी, एक ट्रैक्टर स्टील ट्रैक, एक ट्रैक्टर आईसर व एक ट्रैक्टर मेसी कंपनी का रहा। मेले में 5 आरएमडी मशीन भी चीनी मिल के द्वारा अनुदान पर वितरित की गई। साथ ही साथ 30 पावर टिलर, 10 एमबी पिलाओ, 20 ट्रेंच प्लांटर भी किसान मेले में अनुदान पर दिए गए।

गोष्ठी में बिंदल समूह के निदेशको द्वारा मंच पर आसीन सहकारी गणना विकास समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, जिला गन्ना अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ विकास मलिक, कृषि वैज्ञानिक अरविंद मिश्रा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर, मनोज कौन्ट सचिव गन्ना विकास समिति नूरपुर, सचिव चांदपुर का गुच्छ एवं शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। कृषक गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक के द्वारा गन्ना फसल का उत्पादन बढ़ाने हेतु गन्ना तकनीक पर कृषकों को जानकारी दी गई। निदेशक संस्कार बिंदल एवं शिविक बिंदल द्वारा कृषक गोष्ठी में जागृति महिला स्वयं सहायता समूह गोहावर हल्लू के साथ-साथ क्षेत्रीय प्रगतिशील कृषकों को उन्नत खेती करने पर प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में जितेंद्र कुमार मलिक (उपाध्यक्ष गाना) ने सभी को धन्यवाद दिया और चीनी मिल द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन सोमवीर सिंह मुख्य गणना प्रबंधक द्वारा किया गया। कृषक गोष्ठी में कृषक रुमाल सिंह सतवीर मलिक, उदय सिंह, यादराम सिंह, जगपाल सिंह, सहित 2000 कृषकों ने प्रतिभा किया।

कार्यक्रम के दौरान चीनी मिल के सभी अधिकारी एवं स्टाफ ने मेले को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। कृषक गोष्ठी एवं मेले में राजेश कुमार शर्मा (डिस्टलरी हेड), पवन गुप्ता, सत्येंद्र गिरी, इंद्रवीर सिंह, जोगेंद्र मलिक, विपिन कुमार, मुकेश मित्तल, राजवीर सिंह, संजीव खोखर सभी अधिकारी गण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर से दो पीढियों का है हमारा रिश्ता : खब्बू तिवारी

वेलकम इंडिया



अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा में चुनावी सर गर्मियां तेज हो गयी हैं मंगलवार पूर्व विधायक भाजपा नेता इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी नगर पंचायत कुमारगंज पहुंचे जहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव अयोध्या कि घूमिल छवि को सुधारने का मौका है, लोकसभा चुनाव हारने के बाद पूरे विश्व में अयोध्या वासियों को घृणा की दृष्टि से देखा जा रहा है, मिल्कीपुर की जनता को एक बार फिर मौका मिला है कि अयोध्या का गौरव मिल्कीपुर विधानसभा सीट जीत कर वापस दिलाये।

खब्बू तिवारी ने कहा कि मिल्कीपुर से हमारा रिश्ता दो पीढ़ियों (25 सालों) से है।मिल्कीपुर के चुनाव पर पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व की निगाहें टिकी हैं, आने वाले 5 फरवरी को मतदान करके एक नया इतिहास गढ़ते हुए चन्द्रभानु पासवान को विजई बनायें, ।गौर तलब है कि पिछले दिनों चंद्रभानु पासवान के नामांकन में खब्बू तिवारी के न पहुंचने पर नाराजगी को लेकर कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे, मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद पहली चुनावी सभा थी।

सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि कुंदरकी ,कटेहरी सीट विधानसभा उपचुनाव में वहा की जनता ने भाजपा को एतिहासिक जीत दिलाई 65% मुस्लिम आबादी वाले कुदरखी सीट पर भाजपा मतदाताओं ने उम्मीदवार को एतिहासिक जीत दिलाई अब मिल्कीपुर की देवतुल्य जनता की बारी है, कि भाजपा प्रत्याशी को एतिहासिक जीत दिलाते हुए पूरे विश्व में मिल्कीपुर का नाम रोशन करें।

एमएलसी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 2014 से पहले देश के अंदर भ्रष्टाचार, घोटाला, आतंकवादी घटनाएं हो रही थी और राहुल गांधी विदेश में जाकर भगवा आतंकवाद की कहानी गढ़ रहे थे। जबसे भाजपा की सरकार देश में आई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नतृत्व में भारत शक्तिशाली देश के रूप में भारत स्थापित हुआ। सन्-2017 के पहले कावड़ यात्रा पर पत्थर बरसाते थे, उत्तर प्रदेश में जब से योगी की सरकार आयी है ,कावड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है । सपा सरकार में विकास के नाम पर कब्रिस्तान की बाउंड्री बनती थी, योगी सरकार ने अयोध्या में त्रेतायुग को कलयुग में उतारने का काम किया है, और अयोध्या में हर वर्ष भव्य और दिव्या दीपोत्सव मनाया जाता है। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने जनता के बीच जाकर सबका अभिवादन किया और भारी संख्या में वोट करने की अपील की, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने वहां पर मौजूद लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ट्रक बोलेरो की भीषण टक्कर में मां बेटे की मौत

वेलकम इण्डिया





गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र मे ट्रक बोलोरो की भीषण टक्कर मे मां बेटे की मौत हो गई। मां और बेटा दोनों बांसी से अपने घर इटवा थाना क्षेत्र के उच्चडीह गाँव जा रहे थे ।दरअसल मामला इटवा बांसी मार्ग के गोल्हौरा थाना के पास का है। मंगलवार रात करीब नौ बजे ट्रक बोलेरो से टकरा गई।

ट्रक और बोलेरो कि आमने सामने की भीषण टक्कर में बोलरो मे सवार मॉ और बेटे की मौत हो गयीं।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो गाड़ी के पचखें उड गये वहीं बोलोरो चालक धर्मवीर की मौके पर मौत हो गयीं और उसकी माँ प्रेमादेवी की अस्पताल पहुँचने पर मौत हुई।

घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची गोल्हौरा पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया और शव पोस्टमार्टम को भेजा। गोल्हौरा थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है ।दोनों शव पोस्टमार्टम को भेजे गए हैं ।पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी गयीं है।

# बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर तत्काल करें कार्रवाई : डीएम



वेलकम इण्डिया

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की सिद्धार्थ सभागार में बैठक हुई। उन्होंने विद्यालय के वाहनों की फिटनेस की जांच कराने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए।

बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि परमिट का उल्लंघन करने पर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। एआरटीओ को निर्देश दिए कि ओवर लोडिंग गाड़ियां नहीं चलनी चाहिए। कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि सड़क के किनारे गिट्टी व अन्य सामग्री नहीं पड़ी होनी चाहिए। यदि है तो उन्हें नोटिस देकर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हटाकर थानों और तहसीलों में जब्त करने का निर्देश दें।

## नो हेलमेट नो पेट्रोल

# बिना हेलमेट बाइक सवारों को पेट्रोल देने पर पंप मालिकों पर होगी कार्रवाई डीएम

वेलकम इण्डिया



सिद्धार्थनगर। जनपद के कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप मालिकों की बैठक हुई। इसमें नो हेलमेट नो पेट्रोल के नियम को शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। पंप मालिकों को निर्देश देते हुए कहा कि 26 जनवरी से नियम का शक्ति से पालन करें। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हेलमेट लगाकर आने वालों को ही पेट्रोल दिया जाए अगर हेलमेट लगाकर नहीं आ रहे हैं तो उनको लौटा दिया जाए। बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए यह पहल की गई है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने सभी पेट्रोल पंप के मालिकों, प्रतिनिधियों को बताया कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं हेलमेट न लगाने के कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शासन द्वारा नो हेलमेट नो फ्यूल का निर्देश दिया गया है ।।जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप मालिकों, प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देश का 26 जनवरी से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल का होर्डिंग, बैनर लगाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

# सेना के शौर्य को याद कर आर्मी डे मनाया



आगरा। भारतीय सेना दिवस के अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग आगरा कॉलेज के कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में परेड का आयोजन किया, जिसमें कैडेट्स ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करते हुए देश की सेना को विश्व की सबसे शक्तिशाली सेना बताया। कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना ढविश्व की सबसे शक्तिशाली एवं सबसे बड़ी सेनाओं ?में से एक है। जब भी आवश्यकता पड़ी, सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस और पराक्रम से देश का सम्मान विश्व के समक्ष बढ़ाया है और अपने शौर्य का लोहा मनवाया है। देश भारतीय सेना के रहते एकदम सुरक्षित है। इस अवसर पर 1 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के सूबेदार ओम ठाकुरी, हवलदार महेंद्र सिंह, यूओ लवकुश, आरती राणा, यामिनी, प्रिया चाहर३, अरुण, राहुल देशवार, रोहित कर्दम, आर्यन पचौरी, सार्जेंट भावना एवं जाह्नवी सिसोदिया आदि कैडेट्स उपस्थित रहे।

# ताज से बिछड़ी पटना की महिला पर्यटक के परिजनों को खोजकर ताज सुरक्षा पुलिस ने मिलाया




आगरा। 19 जनवरी 2025 बिहार के पटना शहर से ताजमहल देखने आए सुधीर सिंह की पत्नी नीलू सिंहा ताजमहल देखने के बाद बाहर आते समय पश्चिमी गेट निकास द्वार के पास से अपने परिजनों से बिछड़ गई जिन्होंने अपने परिजनों से बिछड़ने की सूचना ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक शिवराज सिंह को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम भाटी के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज आरटी सेट मैसेज एवं रेडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से तलाश शुरू की गई एवं क्विक रिस्पांस टीम के जवान भी महिला के परिजनों को खोजने के लिए निकल पड़े फल स्वरुप 30 मिनट के अंदर महिला के परिजनों को ताजमहल के अंदर से खोज कर आपस में मिलाया गया बिछड़ी हुई पत्नी के मिल जाने पर उनके पति सुधीर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगरा पुलिस के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह उप निरीक्षक शुभम वर्मा मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार आरक्षी इंद्रजीत सिंह महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी महिला आरक्षी रिंकी यादव महिला आरक्षी दीपिका सम्मिलित हैं।

# एसबीआई बैंक में चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम कोशिश नाकाम

वेलकम इण्डिया



इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा बाजार कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में सोमवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। चोरों ने बैंक के पिछले हिस्से में लगी खिड़की की ग्रिल तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वह चोरी करने में नाकाम रहे और बड़ी वारदात होते-होते बच गई। सूचना पर पहुंची इटवा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

एसबीआई इटवा शाखा के कर्मचारी सोमवार को शाम को कार्य समाप्त कर घर चले गए। मंगलवार की सुबह जब बैंक का ताला खोला गया, तो पिछले हिस्से की टूटी ग्रिल देखकर सबके होश उड़ गए।

बैंक कर्मियों ने कैश व कागजात की जांच की और इसकी सूचना पुलिस को दी। बैंक के पीछे की दो खिड़कियों की ग्रिल टूटी मिली। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर गायब मिली।

अनुमान लगाया जा रहा कि ग्रिल तोड़कर बैंक के भीतर खुसे चोरों ने पहले स्ट्रांग रूम में जमा कैश तक पहुंचने की कोशिश की होगी। वह जब इसमें सफल नहीं हुए तो वे पहचान छिपाने के लिए डीवीआर उठा ले गए।

# कृषि मेले मे आयशर ट्रैक्टर पर 25 हजार रुपए का अनुदान दिया गया



वेलकम इंडिया

नूरपुर। कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने एवं किसानों को नए-नए कृषि यंत्रों से अवगत कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कृषि मेलों सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में कृषि मेले का आयोजन किया गया। मिल परिसर में आयोजित किए गए इस कृषि मेले में किसानों को नए उन्नत कृषि यंत्रों के बारे में जानने एवं उन कृषि यंत्रों को अनुदान पर खरीदने का मौका मिला।

बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में एक दिवसीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी एवं किसान मेला में कृषि से सम्बन्धित निजी एवं राजकीय संस्थाओं द्वारा स्टाल लगाकर कृषकों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। कृषक गोष्ठी में सैकड़ों कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मेले में लगी चौधरी ट्रैक्टर एजेंसी नूरपुर की स्टाल से किसान ने एक टैक्टर खरीदा। एजेंसी स्वामी आकाश चौधरी ने बताया कि कृषि मेले में प्रमोद कुमार पुत्र सौनाथ सिंह ग्राम रामपुर फीना ने एक आयशर टैक्टर खरीदा जिसकी खरीद पर 25 हजार रुपए की छूट दी।

आने वाले समय में चौधरी एजेंसी मुरादाबाद रोड नूरपुर से खरीदने पर 15 हजार रुपए की छूट दी जाएगी।

# अभियुक्त इमरान के विरुद्ध की गयी एनएसए की कार्यवाही

शिकारपुर। अभियुक्त इमरान पुत्र शाकिर हुसैन निवासी मौहल्ला गंज सादात कस्बा व थाना शिकारपुर द्वारा दिनांक 01/09/2024 को एक धार्मिक पुस्तक को जलाकर अमर्यादित टिप्पणी करते हुए वीडियों सोशल मीडिया पर डाला गया था जिसके सम्बन्ध में थाना शिकारपुर पर मुअसं-314/24 धारा 192,299,302,353 बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था अभियुक्त द्वारा दिनांक 01/12/2024 को पुनः एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसमें इसके द्वारा अन्य धर्म के लोगों से प्रेरित होकर व दबाव में आकर उक्त घटना कारित करने की बात कही गयी इस सम्बन्ध में थाना शिकारपुर पर इसके विरुद्ध मुअसं-405/24 धारा 196,299,302,353 बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# प्रयाग जं.स्टेशन पर आयोजित सुरक्षा-समीक्षा व सुरक्षा सम्मेलन में हुए सम्मिलित सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा



लखनऊ। महाकुंभ-25 के अंतर्गत मौनी अमावस्या एवं आगामी पर्वों पर मण्डल द्वारा की जाने वाली विशेष तैयारियों के क्रम में आज दिनांक 21 जनवरी 2025 को उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के प्रयाग जं. स्टेशन पर उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली से इन्स्पेक्टर जनरल/प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर रेलवे, ए.एन. मिश्रा का प्रयाग जं. स्टेशन पर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, लखनऊ, देवांश शुक्ला एवं सुरक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ प्रयाग जं., प्रयागराज संगम एवं फाफामऊ ज. स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा इस विषय में अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किए।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त की उपस्थिति में प्रयाग जं. पर एक सुरक्षा-समीक्षा व सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लियाक इस सम्मेलन में यात्री एवं भीड़ प्रबंधन की दिशा में प्रभावी नीतियों का निर्माण करने तथा इनको अमल में लाने की प्रक्रियाओं पर गहन विचार विमर्श किया गयाक इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने मेला ड्यूटी में आए सभी कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की तथा उनका मनोबल ऊंचा किया तथा उनके प्रतिबद्ध प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के साथ संवाद भी स्थापित किया, उन्होंने कर्मचारियों को शिष्ट और विनम्र आचरण अपनाते हुए यात्रियों की अधिकाधिक सहायता करने, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावनाओं को समाप्त करने तथा इस विषय में आवश्यकतानुसार अन्य वैकल्पित व्यवस्थाओं को तत्काल प्रबंध करने की स्थितियों पर भी गहन मंत्रणा की।

स्टेशनों पर निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ता और नीतियों को परखा तथा यात्रियों के सुगम आवागमन और उनकी सुरक्षित यात्रा के संबंध में अपने सुझाव और निर्देश पारित किए। उन्होंने उउळश्र सर्विलांस द्वारा चौबीस घंटे मॉनीटरिंग का प्रबंधन, बैगेज स्कैनिंग सिस्टम, प्रवेश और निकास द्वारों पर भीड़ अधिक होने की दशा में सुगम आवागमन, प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रण करने और यात्री प्रबंधन की पूरी जानकारी प्राप्त की ।

# रमेश नगर में नहर के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

वेलकम इंडिया

अयोध्या। मामला अयोध्या जिले के थाना कुमारगंज क्षेत्र का है जहां पर आज सुबह पूरे बेनी दत्त पुरवा के समीप नहर की पटरी के किनारे पानी में बोरी के अंदर एक लाश पड़ी थी पास में अपने खेत में काम करने आए रामतेज यादव नामक व्यक्ति जब शौच के लिए नहर की पटरी के किनारे गया तब देखा कि एक लाश पड़ी हुई थी उस लाश को देखकर वह घबरा गया और तुरंत लोगों को फोन करके बताया खबर सुनते ही आसपास क्षेत्र में सन्नाटा छा गया मौके पर जयराम यादव व अन्य लोग पहुंच गए तब 112 पीआरबी को फोन से बताया 112 पीआरबी ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल रवि यादव व चालक स्वतंत्र पाठक मौके पर पहुंचकर थाना कुमारगंज पुलिस प्रशासन को सूचना दिया ।आनन-फानन में थाना कुमारगंज की पुलिस प्रशासन थाना प्रभारी अमरजीत सिंह व उनके सहयोगी र.क. नीरज चौरसिया र. क. अशोक कुमार हेड कांस्टेबल अजय सिपाही कांस्टेबल मनदीप चौधरी कांस्टेबल रोहित कुमार घटना स्थल पर पहुंचे घटनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने इस क्षेत्र के इस प्रकार की घटनाओं में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने वाले ग्राम निवासी पूरे मख्खू खां कलीम को फोन करके बुलाया गया कलीम मौके पर पहुंचकर उस व्यक्ति की लाश को बाहर निकाला। लाश को बाहर निकालने के बाद उसकी पहचान तेधा निवासी जगदंबा प्रसाद उम्र लगभग 50 वर्ष पिता रामसनेही के रूप में की गई बताया जा रहा है कि यह 13 जनवरी 2025 दिन सोमवार समय लगभग शाम से लापता थे परिवरीजन ने थाना कुमारगंज में गुमशुदगी की तहरीर भी दी थी। थाना कुमारगंज की पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ( खब्बूतिवारी ) मिल्कीपुर आगमन पर जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

**अयोध्या ( वेलकम इंडिया)**



मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर पहली बार मिल्कीपुर चुनाव में अपने समर्थको के बीच अयोध्या व पूर्वांचल के फायर ब्रांड सर्वसमाज के भाजपा नेता पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू तिवारी ) का बारुन बाजार में 51किलो फूल की माला के साथ राकेश तिवारी व जगन्नाथ तिवारी के नेतृत्व में अपने सैकड़ो समर्थको के साथ बारून बाजार में बड़ी गर्म जोशी व गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया।इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू तिवारी ) मिल्कीपुर की सीमा में पहुंचने पर सबसे पहले बारून बाजार में हनुमान मंदिर में हनुमान जी का नतमस्तक होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर आगे की यात्रा शुरू की।कुचेरा बाजार में विनय तिवारी, डा पवन तिवारी,गहनागन में अखिलेश पाण्डेय, इनायत नगर में बब्बू पाण्डेय,राधिका पाण्डेय के नेतृत्व में भारी जनसैलाब के उमड़ पड़ा।और लोगों ने गर्म जोशी के साथ अपने नेता स्वागत किया।

. कुमारगंज में चुनावी चौपाल में पहुंचने पर कृष्ण केवल मिश्रा की अगुवाई में कुमारगंज बाजार मेआयोजित जनसभा में 51 किलो माला के साथ अपने सैकड़ो समर्थको के साथ इंद्र प्रताप तिवारी का मंच पर स्वागत किया गया।चौपाल में आये हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की जो लोक सभा में कलंक लगा है,आप लोग इस उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान के चुनाव निसान कमल के फूल पर इतना बटन दबा दे की उस कलंक का नामोनिशान मिट जाय।और लाखो लाख वोटो से जिताकर भेज दे।इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू तिवारी) ने कहा की मिल्कीपुर में हमारा दो तीन पीढ़ीयो से सम्बन्ध है।मिल्कीपुर की जनता से हम यह कहने आये है की आप लोग मन बना लीजिये की हमें चंद्रभानु पासवान को भारी मतो से विजयी बना दीजिये।जब हम लोग बाहर जाता हूँ तो लोग पूछते है की आप उसी अयोध्या के है जहाँ से अयोध्या की सीट भारतीय जनता पार्टी हार गयी थी।तो आप लोग मिल्कीपुर से इतने मतो से जिता दे की बाहर के लोगों को ये संदेश जाय की अयोध्या के लोग एक बार धोखा खा सकते बार बार नहीं।लोगों का समर्थन मांगते हुए भाजपा प्रत्यासी चंद्रभानु पासवान को चुनाव जीत का माला पहनाने का समर्थन मांगा।

# वसी अहमद खान- शिक्षा के प्रति समर्पण की मिसाल

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव दुधारा निवासी वसी अहमद खान ने अपनी शिक्षा वाराणसी में पूरी की। उनके पिता श्री नसीम अहमद वाराणसी में लॉ कॉलेज के प्रोफेसर थे। उनके दादा अब्दुर्रऊफ प्राइमरी स्कूल के शिक्षक थे। वसी अहमद खान का पालन पोषण उच्च शिक्षा प्राप्त माहौल में हुआ।शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह जब अपने पैतृक गांव आये तो उन्हें महसूस हुआ कि इस इलाके में अच्छी शिक्षा का अभाव है। बच्चों में टैलेंट तो है लेकिन उन्हें इसका अवसर नहीं मिल रहा है। बच्चों के सवार्गीण विकास को लेकर उन्होंने दुधारा में द शान सेंट्रल एकेडमी की स्थापना अप्रैल 2006 में की।ला की डिग्री होने के बाद भी उन्होंने शिक्षा क्षेत्र को चुना। वह कहते हैं कि भले ही मुझे आर्थिक लाभ नहीं मिला लेकिन आज मुझे आत्म संतुष्टि है कि मैंने इलाके के लोगों में शिक्षा का अलख जगा दिया। वह कहते हैं कि शिक्षा का मकसद बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारकर उसे समाज के एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। वसी अहमद खान द शान सेंट्रल एकेडमी, दूधारा के संस्थापक और संचालक हैं।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवैध बिल के भुगतान में फंसे, शासन ने दिया जांच का आदेश




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह अवैधानिक रूप से बिल का भुगतान करने के मामले में फंस गए हैं। विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी के अनुमोदन के बगैर ही यह बिल पास कर दिया गया था। शासन में इसकी शिकायत के बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत को सीएमओ के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। बरेली में स्वास्थ्य विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी का पद काफी समय से रिक्त है। कुछ महीने पहले रामपुर में तैनात वित्त एवं लेखाधिकारी विकास खंडेलवाल को बरेली के सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था।विभाग में वित्त एवं लेखाधिकारी के अनुमोदन के बाद ही सीएमओ के स्तर पर बिल के भुगतान की अनुमति देने का प्रावधान है लेकिन मार्च 2024 में एक बिल का भुगतान सीएमओ कार्यालय से सीधे कर दिया गया था।इस संबंध में शासन से शिकायत की गई थी। माना जा रहा है कि इस मामले में सीएमओ कार्यालय के कुछ और लोग भी फंस सकते हैं।किसी भी बिल पर तय प्रक्रिया के तहत सभी के हस्ताक्षर करवाने की जिम्मेदारी पटल सहायक की होती है।बिल पर सबसे पहले वह खुद हस्ताक्षर करता है, फिर दूसरे लोगों के कराता है।वित्त एवं लेखाधिकारी के हस्ताक्षर कराने के बाद बिल सीएमओ के समक्ष पेश किया जाता है। शासन के आदेश पर जांच की जा रही है।पूरी जानकारी अभी नहीं दी जा सकती। अभी सभी के बयान होंगे और उसके बाद साक्ष्य देखे जाएंगे।

# प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज की पुलिस टीम ने तीन मोबाइल लुटेरों को धर दबोचा

**वेलकम इंडिया**



**बरेली।** पुलिस ने एक स्थान से तीन मोबाइल लुटेरों को धर दबोचा। जबकि एक लुटेरा फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने लुटेरों के पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को लिखापढ़ी का जेल भेज दिया है।इस घटना का खुलासा करते हुए थाना सीबीगंज के प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम ने बताया है कि 25 सितंबर को थाना सीबीगंज पर गांव सिंगतारा थाना देवरनिया हाल पता अटरिया सीबीगंज निवासी मोहम्मद फैज की तहरीर पर अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था, कि परसाखेड़ा रोड नंबर 1 से मथुरापुर अड्डे के बीच अज्ञात लोगों ने मोहम्मद फैज से मोबाइल फोन छीन लिया था और फरार हो गए।पुलिस तभी से इन लुटेरों की तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने परसाखेड़ा रोड नंबर 3 से तीन मोबाइल लुटेरे को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से रेडमी वीवो सैमसंग आदि कंपनी के पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम अजीम व साहिल ठिरिया निजावत खां थाना कैन्ट और आरिफ निवासी मोहनपुर थाना कैंट बताया है, इसी के साथ लुटेरों ने बताया है कि उनका एक अन्य साथी अल्तमश निवासी सैलानी पुराना शहर थाना बारादरी फरार हो गया। वे सभी दो बाइकों से आगे पीछे चलकर महिला व पुरुष को सुनसान जगह पर पैदल बाइक टेंपो ई रिक्शा में बैठकर फोन हाथ में लेकर या बात करते हुए जाते दिखाई देते थे तो वे झपट्टा मारकर उनसे मोबाइल छीन लेते थे और फरार हो जाते थे।

# काली पट्टी बांधकर बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, 23 जनवरी को व्यापक प्रदर्शन की तैयारी

**गाजियाबाद।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आवाहन पर उत्तर प्रदेश में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मियों ने मंगलवार को को काली पट्टी बांध कर विरोध किया। सभी ने कहा कि 23 जनवरी को सभी प्रान्तों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।यह विरोध अब लगातार चलता रहेगा। उप्र में निजीकरण के लिए होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को देश के सभी जनपदों में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन करेंगे और प्रेस कांफ्रेंस कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेंगे। संघर्ष समिति, गाजियाबाद के पदाधिकारियों आलोक त्रिपाठी, अरशद अली, योगेंद्र कुमार, अरविंद सूर्या, पंकज भारद्वाज, वाहिद अली, अभिमन्यु, अरुण नागर, ललित कुमार, राज सिंह आदि रहे।

# बंगला नंबर 86 में करतार सिंह के अवैध निर्माण पर कैंट बोर्ड ने चलाया घन




**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** मंगलवार को अवैध निर्माण की सूचना पर कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन ने कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार बंगला नंबर 86 में करतार सिंह द्वारा बंगले की पार्ट भूमि पर डीईओ से बैगर अनुमति लिए गैर कानूनी तरीके से अवैध निर्माण कर मंडप का निर्माण कर डाला तथा बड़े बड़े बैनर लगाकर उद्घाटन की तैयारियां की जा रही थी आज इस मामले की सूचना कैंट बोर्ड सीईओ को मिली तो उन्होंने विभाग अधिकारीयों को अवैध निर्माण पर सख्ती बरतने की हिदायत दी तथा अवैध निर्माण ध्वस्त करने के निर्देश दिए। मौके पर पहुंची कैंट बोर्ड कर्मचारियों ने अवैध निर्माण पर धन बजाना शुरू किया तो मौके पर मौजूद लोगों ने हल्का-सा विरोध जताया वहीं कैंट बोर्ड कर्मचारियों ने बड़े बैनर व होडिंग उखाड़ फैंके। इस कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण कताओं में अफरातफरी मच गई।



# नेशनल यूथ आइकन 2024' के खिताब से सम्मानित किए गए योगेश त्यागी, समर्थकों ने जताई खुशी

**सहपऊ।** श्री आरके त्यागी इंटर कॉलेज बासवित्ता के डायरेक्टर योगेश त्यागी दिल्ली में आयोजित हुई 'मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड' की बैठक में शामिल हुए।यंहा पर उन्हें नेशनल यूथ आइकन 2024' के खिताब से सम्मानित किया गया।बैठक में डॉ एस के रोहेला एक्स- डायरेक्टर मेवाड़ यूनिवर्सिटी डॉ रामअवतार शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, चेयरमैन इंटरनेशनल वेलफेयर ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन पूनम भाटिया संस्थापक अशोक जन कल्याण सेवा ट्रस्ट, कोमल यादव मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स), डॉ हिमांशु अरोरा डायरेक्टर न्यूरोसाइंसेस एंड ब्रैंन सर्जरी, कोमल यादव प्रोफेसर, नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी दिल्ली आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण के प्रगति से सम्बंधित समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित समस्त स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के प्राचार्य की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण के प्रगति की समीक्षा की गई।संस्थाओं द्वारा छात्राओं का आधार वेरीफिकेशन कार्य पूर्ण न कराए जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त लाभार्थियों का आधार वेरीफिकेशन तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करायें तथा जो टैबलेट संस्थाओं को प्राप्त करा दिया गया है उसे तत्काल लाभार्थियों को वितरित कर दे। जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में दिनांक 27 जनवरी 2025 को पुनः बैठक आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समस्त प्राचार्य गणों को निर्देशित किया गया कि 27 जनवरी 2025 को आयोजित बैठक में शत प्रतिशत आधार वेरिफिकेशन कार्य पूर्ण करते हुए प्रतिभाग करें यदि उक्त तिथि तक आधार वेरिफिकेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचन्द्र नाथ सहित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में चर्चा के निम्नवत बिंदु थे, जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प,गुणवत्ता शिक्षा, बालिका शिक्षा,मध्याह्न भोजन, यू डायस प्लस, पी एम श्री विद्यालय एवं आर टी ई के अन्तर्गत अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का नवीन सत्र में नामांकन प्रक्रिया आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग शौचालय के रैंप को मानक अनुसार बनाए जाने पर बल दिया गया, जिससे दिव्यांग छात्र या व्यक्ति रैम्प पर व्हीलचेयर द्वारा आसानी से चढ़ और उतर सके।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य अद्योमानक नहीं होना चाहिए। बालक एवं बालिका शौचालय एवं मूत्रालय क्रियाशील हों। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डायट केंपस में नाला निर्माण हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हापुड़ में भराव के साथ टेलीग्राम के लिए संबंधितो एवं समस्त अपूर्ण कार्य करने वाले संबंधितों सहित आज शाम ही रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा जिससे की समस्त अपूर्ण कार्यों को समय से पूरा किया जा सके।गुणवत्ता शिक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं डाइट मेंटर, एस आर जी एवं ए आर पी को माह जनवरी में निरीक्षण एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षक का लक्ष्य समय से पूर्ण करते हुए शेष विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए कार्य योजना तैयार कराकर कार्य कराने एवं प्रधानाध्यापकों को समय सारणी एवं मासिक चक्र विभाजन के अनुसार शिक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।कक्षा कक्ष को इंटरएक्टिव बनाए जाने पर जोर दिया जाए तथा छात्र उपस्थिति प्रत्येक दिन 75% से अधिक हो।मध्याह्न भोजन गुणवत्तापूर्ण बनवाया जाए।

# मेरठ में तेजी से हो रहा नमो भारत का अंडरग्राउंड कार्य, भैंसाली और बेगमपुल स्टेशन में रहेगा ये फर्क

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ** में आरआरटीएस के भूमिगत स्टेशनों का निर्माण तेजी से जारी है जून तक मोदीपुरम तक नमो भारत और मेरठ मेट्रो के संचालन का लक्ष्य है। भैंसाली स्टेशन सिर्फ मेरठ मेट्रो के लिए है जबकि बेगमपुल स्टेशन पर नमो भारत और मेट्रो एक ही प्लेटफार्म पर रुकेंगी। अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इन स्टेशनों में कई प्रवेश द्वार एस्केलेटर और सिग्नलिंग सिस्टम शामिल हैं।

रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कारिडोर के मेरठ के भूमिगत स्टेशनों का कार्य तेजी से चल रहा है।जून में मोदीपुरम तक नमो भारत और मेरठ मेट्रो के संचालन का लक्ष्य रखा गया है। इन निमार्णाधीन स्टेशनों की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। झलक देखकर इनकी भव्यता का अभी से सहज ही आकलन कर सकते हैं।

**भैंसाली स्टेशन : यहां सिर्फ रुकेगी मेरठ मेट्रो** यह भूमिगत स्टेशन है। लगभग 258 मीटर लंबा और करीब 17 मीटर गहरा है। यहां सिर्फ मेरठ मेट्रो की ही सुविधा मिलेगी। यहां से नमो भारत ट्रेनों की सुविधा के लिए यात्रियों को दिल्ली की ओर शताब्दीनगर या मोदीपुरम की ओर बेगमपुल स्टेशन जाना होगा।

इस स्टेशन पर तीन प्रवेश-निकास द्वार हैं, इनका कार्य तेजी से हो रहा है। मोदीपुरम की तरफ जाने वाली दिशा में सुरंग व स्टेशन पर पटरी बिछाई जा चुकी है। तीनों प्रवेश-निकास द्वार से नीचे उतरने के लिए कानकोर्स लेवल (टिकट खिड़की वाला तल) तक जाने के लिए दो एस्केलेटर लगाए गए हैं। इसमें तीन तल हैं। एक तल जमीन यानी ग्रेड की तरह होगा। इसे जन-सुविधाओं के लिए तैयार किया जाएगा। इस स्टेशन के बाहर बस स्टैंड भी बना है, जहां से मुजफ्फरनगर, शामली, रुड़की, हरिद्वार आदि के लिए बसें मिलती हैं। वहीं, आटो व टैक्सी की सुविधा भी उपलब्ध है।

**बेगमपुल स्टेशन : एक ही प्लेटफार्म पर बारी-बारी से रुकेंगी नमो भारत-मेट्रो**

यह शहर का सबसे गहरा भूमिगत स्टेशन है, जहां से नमो भारत और मेरठ मेट्रो यानी दोनों की सुविधा मिलेगी। इस स्टेशन की गहराई लगभग 23 मीटर है। इसके प्लेटफार्म की लंबाई करीब 207 मीटर है। यह स्टेशन इसलिए भी अनोखा है, क्योंकि नमो भारत और मेट्रो दोनों एक ही पटरी पर बारी-बारी से रुकेंगी। अत्याधुनिक सिग्नलिंग के जरिए नमो भारत और मेरठ मेट्रो ट्रेनों के आने-जाने में सामंजस्य रखा जाएगा। पटरी बिछाने का काम भी तेजी से चल रहा है। इसमें चार तल हैं।

# लक्ष्मीनगर विधानसभा बसपा प्रत्याशी वकार चौधरी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी के लक्ष्मी नगर विधानसभा प्रत्याशी वकार चौधरी ने अपने चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बसपा नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें पूर्व जेल मंत्री एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी धर्मवीर अशोक, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, महासचिव सतीश चौधरी, और कोषाध्यक्ष सलीम अहमद प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जोश और उत्साह के माहौल में हुआ। वकार चौधरी ने अपने उद्घाटन भाषण में सभी वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को समानता, न्याय, और अधिकार दिलाने का आंदोलन है। बसपा के मुख्य मुद्दों पर जोर देते हुए वकार चौधरी ने अपने संबोधन में पार्टी के प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला।

# साइक्लोथोन अभियान का गाज़ियाबाद ग्रुप द्वारा किया गया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** एन सी सी निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की छत्रछाया में आयोजित भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्षों की श्रृंखलाओं में सर्वाधिक प्रभावी प्रथम स्वाधीनता संग्राम (1857) के वीर सपूतों, वीरांगनाओं के बलिदान, शौर्य,साहस वीरता ओर राष्ट्रभक्ति को नमन करने एवं उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदानों की गाथा तथा कुर्बानियों ,जिसने देश वासियों के हृदय में स्वाभिमान और स्वतंत्रता का दीप जलाया तथा राष्ट्र के स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा देने के साथ समृद्धि, स्वस्थ, समर्थ,स्वावलंबी, समृद्ध ,सुसंस्कृत राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित करने के संकल्प के साथ विश्व के सबसे बड़े वदीर्धारी संगठन एन सी सी द्वारा एन सी सी अपर महानिदेशक उत्तर प्रदेश, मेजर जनरल विक्रम कुमार के निर्देशन में 1 जनवरी 2025 से ऊर्जा और संघर्ष को देश की युवा पीढ़ी से रूबरू कराने और युवाओं में राष्ट्र प्रेम और सम्मान का बीजारोपण कर अपने राष्ट्र को मजबूत और स्वावलंबी राष्ट बनाने में योगदान देने के उद्देश्य से 15 सदस्यीय टीम जिसमें 5 सीनियर विंग एन सी सी छात्रा , 9 सीनियर डिवीजन एन सी सी छात्र एवं एक सैन्य अधिकारी, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एन एस चारस, एस एम( आगरा ग्रुप) शामिल है, के दिशा निर्देशन मेएक (साइकलोथोन अभियान) साइकिल रैली मेरठ की बलिदानी भूमि से प्रारंभ की गई।यह साईकिल रैली कुल 2025 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए इक्कीसवे दिन गाज़ियाबाद ग्रुप मे नोएडा पहुँची।अभियान दल के सदस्यों के द्वारा लगभग 100 किमी प्रतिदिन की दूरी तय की गई। इस साइकलोथोन अभियान का एक उद्देश्य देश के युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ रहने के लिए साईकिल की उपयोगिता के साथ साथ युवाओं में साहसिक क्रिया कलापों को बढ़ावा देना भी है।यह अभियान मेरठ की क्रांतिकारी धरती से दिनांक 1 जनवरी 2025 को प्रारम्भ होकर मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, जौनपुर, वाराणसी, इलाहाबाद, फतेहपुर, कानपुर, झाँसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा होते हुए दुर्गम इलाकों से कड़कड़ाती ठंड के बीच दिनांक 21 जनवरी को नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी पहुँचा,जहाँ पर गाज़ियाबाद ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविंदर सिंह (सेना मेंडल) एवं शारदा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा,प्रोक्टर प्रो० आलोक गुप्ता द्वारा अभियान दल को फ़्लैग इन कर उनका स्वागत, अभिनन्दन के साथ साथ उनकी हौसलाअफजाई कर रैली का भव्य स्वागत किया गया।इसके उपरांत एन सी सी कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।साइकलोथेन के सभी सदस्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कैडेट्स एवं छात्रों को अपर महानिदेशक मेजर जनरल विजय कुमार, ग्रुप कमांडर कुलविंदर सिंह (एस एम)एवं विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो आलोक गुप्ता ने मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इसके उपरान्तयह दल गणतंत्र दिवस के अवसर पर साइक्लोथोन रैली दिल्ली के गणतंत्र दिवस कैंप में पहुँचेगी जहाँ देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फलैग इन कर कैडेटस का उत्साहवर्धन करेंगे। साइकिल रैली जिन जिन प्रमुख स्थानों से होकर निकली सभी स्थानों पर आमजन द्वारा भी रेली का भव्य स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया।विदित हो कि अपर महानिदेशक एन सी सी उत्तर प्रदेश, मेजर जनरल विक्रम कुमार भी साइकलों थोन अभियान दल के साथ रहे ।इस अवसर पर गाज़ियाबाद ग्रुप के समस्त अधिकारीगण एवं सिविल स्टाफ उपस्थित रहा। उपर्युक्त जानकारी मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने दी।

## 22 मार्च को होगा ACXAf का रजत जयंती समारोह

**गाजियाबाद।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) का रजत जयंती समारोह होली के बाद 22 मार्च को आयोजित होगा।इस समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा लेकर देश-विदेश में नाम कमा रहे पूर्वछात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगी और देश के सम-सामयिक विषयों पर अपनी राय रखेंगी। रजत जयंती समारोह में अउआ की स्मारिका 'त्रिपथगाज का भी विमोचन किया जाएगा। त्रिपथगा का संपादन वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य ने किया है।देर शाम नोएडा सेक्टर-29 में अउआ की बैठक में रजत जयंती समारोह को लेकर अंतिम निर्णय लिया गया।बैठक में अउआ के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एस.के.सिंह, महासचिव पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी, उद्यमी व अउआ के संगठन सचिव राहुल सक्सेना, उपाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता डी.सी. श्रीवास्तव और संस्था के मीडिया सचिव वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य ने हिस्सा लिया।बैठक में तय किया गया कि संस्था के गठन को 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उन तमाम पुराछात्रों को आमंत्रित किया जाएगा जो शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, विधि, सेना, पुलिस, प्रशासन, पत्रकारिता और दूसरे क्षेत्रों में समाज व सरकार की सेवा कर रहे हैं या फिर सेवामुक्त हो चुके हैं।

## निर्वाण फाउंडेशन ने गांव अबूपुर का मुख्य मार्ग गणतंत्र दिवस से पहले सही कराए जाने की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन द्वारा उपजिलाधिकारी मोदीनगर को गांव अबूपुर वासियों की मुख्य मार्ग को सही कराने सहित अन्य कई समस्याओं से अवगत कराया।निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र में बताया कि संस्था का कार्य जनता से जुड़े कार्यों के प्रति शासन - प्रशासन व सरकार को जगाना है। अबूपुर के मुख्य मार्ग को गन्दे पानी से मुक्त करना है।ग्राम वासियों ने जानकारी दी है की हमारे ग्राम अबूपुर में कुछ वर्षो पहले मुख्य मार्ग को बनाया गया था, जिसमे सड़क को तालाब के पास निचा कर विभाग द्वारा लापरवाही कर बना दिया गया था।जिसकी सजा आज तक हम ग्रामवासी काट रहे है। हमारे बच्चे पढ़ाई से वँचित हो गये है।हमें नौकरी - पेशा पर जाने में बहुत परेशानी उठानी होती है।

किसी मरीज को हॉस्पिटल देरी से पहुंचने में कई बार हमें अपने परिवार का कोई सदस्य खो देना पड़ता है। किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि को अपनी समस्या बताते है तो अनसुनी कर दिया जाता है। और केवल जांच के नाम पर आश्वासन दे कर पल्ला झाड लेते है । निर्वाण फाउंडेशन नामक सामाजिक संस्था है जो असहाय निर्धन गरीब, मजदूरों, की सहायता कर सकती है ।ईश्वर चंद्र ने यह भी बताया कि जैसे ही गांव वासियों मैं उन्हें जानकारी दी, निर्वाण फाउंडेशन से जिला अध्यक्ष नितेश उर्फ ऋषि यादव ने कुछ सदस्यों के साथ तत्काल मौका मुवायना किया और अबूपुर गांव में जन जागरूकता व हस्ताक्षर अभियान चलाकर ग्राम वासियो को समस्या से हर सम्भव निजात दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि निर्वाण फाउंडेशन ने उपजिलाधिकारी मोदीनगर को अबूपुर के मुख्य मार्ग से नालियों के गन्दे पानी को हटाने और मार्ग को 26 जनवरी से पहले सही कराने को पत्र लिखा है।

और पत्र में यह भी बताया है कि अगर 26 जनवरी से पहले रास्ते को सही नहीं किया गया तो संस्था आंदोलन करने के लिए विवश होंगी। इस मौके पर अग्रवाल, डा. राहुल शर्मा,विनय गर्ग उर्फ जोली,तरुण , प्रशांत कुमार, अनुज गिरी, अलका नरेंद्र, रोहित शर्मा, जयबिंन्द्र, हरपाल, राहुल, दीपक, अजित, इसीका, निशा, निखिल, मूलचंद, ब्रजेश, सुचिता, राजबती, प्रयांशु, गौरव, सोहित, आदि सज्जन लोग हस्ताक्षर अभियान में उपस्थित रहे।

## सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष बने पीयूष यादव

वेलकम इंडिया



**अलीगढ़ ।** पीयूष यादव को सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन अलीगढ़ का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रवासियो ने बधाइयां उन्हें बधाई दी है । सूचना का अधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कहा है कि पीयूष यादव से हमें बहुत उम्मीद है, इसी के चलते उन्हें संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनसे जुड़ने के बाद अलीगढ़ की जनता को अपने लंबित कार्य करने के लिए फायदा होगा साथ ही पीयूष यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला का धन्यवाद करते हुए कहा है कि संगठन द्वारा मुझ पर विश्वास जताया गया है मैं पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा तथा भ्रष्ट अधिकारियों की पोल खोलने का काम करूंगा। जिससे जिले की जनता को लाभ मिल सके।

## पिता का एक्सीडेंट बताकर पूर्व पार्षद के बेटे से चाकू की नोक पर हुई थी लूट, दो लुटेरे गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 30 दिसंबर को पूर्व पार्षद विभा देवी के पुत्र प्रिंस के साथ हुई 34 हजार की लूट की घटना का खुलासा करते हुए

स्वॉट व सर्विलांस टीम ट्रांस हिण्डन जोन व थाना साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।जिनके कब्जे से लूट के 34 हजार रुपये में से 22 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त चाकू व कार बरामद किया है। आरोपी पूर्व में भी कई वारदातों को अंजाम दें चुके है।थाना साहिबाबाद में मंगलवार को लूट की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय की मौजूदगी में बताया 30 दिसंबर को पूर्व पार्षद के पुत्र प्रिंस से उस समय 34 हजार रुपये लूट लिये थे कि जब वह 34 हजार रुपये को जमा करवाने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पर आया था। जब प्रिंस बैंक की शाखा पर खड़ा था उसी समय ये दोनों लुटेरे प्रिंस को यह कहकर अपने साथ ले गये कि उसके पिता का एक्सिडेंट हो गया है।साथ में चलो तुम्हें बुलाया है।जैसे ही प्रिंस बैंक से बाहर आया तो चाकू की नोक पर मोहननगर वसुंधरा जाने वाले रोड़ पर पैसे छीन लिए और धक्का देकर वेगनॉर गाड़ी से भाग गए।लूट मामले में प्रिंस के पिता सुजीत गिरी ने थाना साहिबाबाद में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई।स्वॉट व सर्विलांस टीम ट्रांस हिण्डन जोन व थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट व सर्विलांस की मदद से मंगलवार को लूट करने वाले फूल चन्द भारती पुत्र राम अजोर भारती निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर परशुराम पुर जनपद बस्ती और लालमन पुत्र अच्छेलाल निवासी हाल पता ए 262 टी हटस छुग्गी झोपड़ी चूना भट्टी कीर्तिनगर रमेशनगर दिल्ली मूल निवासी फदगुदिया पोस्ट अम्वारी फूलपुर जिला आजमगढ को मोहनगर स्थित आईटीएस कॉलेज नागद्वार से गिरफ्तार किया गया।लूट की वारदात को तीन लोगों ने अंजाम दिया था, जिसमें एक साथी प्रकाश फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयास कर रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार ब्रजराज शर्मा का निधन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अमर उजाला के पूर्व पत्रकार गीतानंद शर्मा के बड़े भाई, सीडी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार ब्रजराज शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। सीडी इंटर कॉलेज हल्दौर बिजनौर में शोकसभा में दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में प्रधानाचार्य रमाशंकर, जितेंद्र मारवाड़ी, विनय मोहन शर्मा, भानुप्रताप वीर सिंह, शमीम अहमद, मेघा अग्रवाल, अंजना राजपूत, सीमा सिंह आदि मौजूद रहे।उधर, प्रेस क्लब हल्दौर द्वारा वरिष्ठ पत्रकार ब्रजराज शर्मा के निधन पर शोक सभा का आयोजन डॉ. प्रदीप दुबे के क्लीनिक पर किया गया। शोकसभा में सुरेश प्रकाश शर्मा, अवनीश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, मनोज ऐरन, संजीव मिश्रा, अतुल गांधी, दिनेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। इधर मोदीनगर में भी पत्रकारों की एक बैठक में शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।बैठक में समस्त पत्रकार मौजूद रहे।

## लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम से विभाग की कार्यवाही होगी सरल सरल, प्रभावी होगी पैरवी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम को हाईटेक बनाने के साथ कार्य को भी सरल बनाने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार अपने कार्यों को अंजाम देते नजर आ रहे है।इसी क्रम में नगर आयुक्त ने लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विधि विभाग के कार्यों को भी सरल बनाने का काम किया। जिसकी कार्य योजना पूर्ण हो चुकी है।फरवरी में लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सभी वकील व अन्य विधि विभाग का स्टाफ अधिकारी बाबू सरलता से कम समय में निगम संबंधित सभी वादों पर पूर्ण जानकारी एक क्लिक पर रख सकेंगे, जिससे पैरवी भी भी प्रभावित होगी।

नगर आयुक्त ने बताया लीगल टीम को निगम संबंधित चल रहे केस में बड़ी-बड़ी फाइलों को मेंटेन रखना पड़ता था। जिसमें पुरानी जानकारी भी संभाल कर रखनी पड़ती थी। जिसको हाईटेक बनाते हुए नगर निगम द्वारा एक प्लेटफार्म पर लाया गया है। सभी निगम संबंधित वाद विवादों को अपलोड करते हुए जानकारी एक ही क्लिक पर लाई जाएगी।संबंधित केस से जुड़ा हुआ वकील पैरवी के समय मजबूती से अपना पक्ष रख पाएगा।शहर हित में बेहतर कार्य को रफ्तार मिलेगी। इसके अलावा विधि विभाग की टीम को आने वाली केस की डेट का भी अलार्म मिलेगा। जिससे तैयारी को मजबूत किया जाएगा। संबंधित विभागीय अधिकारी भी जुड़े हुए वाद की पूर्ण जानकारी देख सकेंगे, आपसी समन्वय में भी सरलता रहेगी।शहर को हाईटेक बनाने की क्रम में नगर निगम लगातार विभागों से जुड़े कार्यों को आधुनिक पद्धति से जोड़ रहा है।लीगल केस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विधि विभाग अपडेट रहेगा। फरवरी माह से कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।इसके लिए संबंधित टीम को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।निगम और शहर हित में आधुनिक तकनीकी से बनाई जा रही योजनाएं लाभदायक सिद्ध होगी।

## रावली रोड पर मिला युवक का शव

गाजियाबाद।मुरादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रावली रोड पर एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला।इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है।एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि प्रथम दृष्टद्या ऐसा लग रहा है कि उस युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी होगी।पुलिस उसकी मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए हर एंगल पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### मैं विकास के मामले में सब पार्षदों को पीछे छोड़ूंगा

## मोहब्बत की दुकान की हकीकत समझकर जनता की सेवा करूंगा: जाहिद अंसारी माजरा

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** माजरा वार्ड नंबर 77 में कांग्रेस प्रत्याशी जाहिद अंसारी ने आज रैली निकालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया जाहिद अंसारी ने अपने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ माजरा के में रोड पर मोटरसाइकिल म पैदल रैली निकाल कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर लोगों से डोर टू डोर जाकर वोट मांगने का काम किया है जाहिद अंसारी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि मैं राहुल गांधी की तर्ज पर जनता की सेवा करूंगा जाहिद अंसारी ने कहा कि कैसे भारतीय जनता पार्टी मुसलमान का उत्पीड़न कर रही है कैसे मुसलमानी मद्रास की जांच कर कर उनको अवैध बता रही है कहीं थूक जहाज का नाम ले रही है उन्होंने कहा कि मुसलमान होशियार रहे सावधान रहें भारतीय जनता पार्टी को वोट देने से होशियार रहे जाहिद अंसारी ने कहा कि अभी वक्त बोर्ड के अध्यक्ष ने बयान दिया है कि मद्रास में क्या-क्या पढ़ाया जाएगा यह भी क्षेत्र के लोगों को याद रखना है जाहिद अंसारी ने कहा कीमाजरा क्षेत्र में दो जगह पानी की समस्या है जहां के लोग पिछले दिनों बहुत परेशान रहे हैं मैं सबसे पहले पानी की निकासी की समस्या का समाधान कराऊंगा जाहिद अंसारी ने कहा की अगर आवश्यकता पड़ी तो मैं यह काम अपने खर्चे पर कर कर जनता को दिखाऊंगा जाहिद अंसारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कैसे सांप्रदायिक बयान देकर जनता में जहर घोलने का काम कर रही है हिंदू मुसलमान की राजनीति कर अपना हित साथ रही है धरातल पर कोई काम भारतीय जनता पार्टी का नजर नहीं आ रहा है जाहिद अंसारी ने कहा कि सबको मालूम है कि पिछले मेयर के टाइम में कितने घोटाले नगर निगम में हुए हैं जाहिद अंसारी ने कहा क्या गारंटी है कि आगे भी घोटाले नहीं होंगे जाहिद अंसारी ने कहा कि मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है उन्होंने वार्ड नंबर 77 की जनता का आवाहन किया कि आने वाली 23 तारीख को मुझे वोट करके कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें ताकि मैं क्षेत्र में विकास कार्य कर सकूं इस अवसर पर अयूब अकेला शहजाद अंसारी शाहिद अंसारी महबूब मुरसलीन दीपक गुलानि तहसील अंसारी फरमान अंसारी नौशाद अंसारी आदि भारी संख्या में महिलाएं भी साथ रहीं।

## निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** धामी कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता की नियमावली को मंजूरी दे दी है।इसके तहत विवाह से लेकर तलाक, लिव इन रिलेशनशिप आदि के प्रमाणपत्र ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बनेंगे। दूरस्थ गांवों में इसे पहुंचाने के लिए जनसेवा केंद्रों (सीएससी) की मदद ली जाएगी। नागरिकों और अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए हैं। जिनमें आधार आधारित सत्यापन, 22 भारतीय भाषाओं में एआई से अनुवाद, 13 से अधिक विभागों की सेवाओं (जन्म-मृत्यु पंजीकरण, जिला, उच्च न्यायालय आदि) से डाटा समन्वय तक की सुविधा उपलब्ध है। तत्काल सेवा के तहत पंजीकरण का अलग शुल्क यूसीसी के विभिन्न पंजीकरण विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, सहवासी संबंधी, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने तत्काल के तहत त्वरित पंजीकरण के लिए अलग से शुल्क निर्धारित किया है। सहवासी संबंधों के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया भी सरल बनाई गई है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उत्तराधिकार में वसीयत को पोर्टल पर अपलोड कर ऑनलाइन पंजीकरण एवं संशोधन, रद्दीकरण, पुनर्जीवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उत्तराखंड राज्यपाल सचिवालय राजपत्रित अधिकारी और निजी सचिव द्वितीय संशोधन नियमावली को मंजूरी। वित्त विभाग का वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन में संशोधन। उत्तराखंड अधीनस्थ सिविल न्यायालय समूह ₹घ₹ सेवा नियमावली के प्रख्यापन के संबंध में। 29 से 31 जुलाई 2024 तक गौरीकुंड से केदारनाथ के मध्य क्षतिग्रस्त संपत्तियों के लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग द्वारा किए गए पुनर्निर्माण के कुछ कार्यों को आपदा की दृष्टिगत अधिप्राप्ति नियमावली 2017 के अधीन छूट प्रदान किए जाने का निर्णय।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका एवं सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व एवं विकास कार्य से सम्बंधित) एवं सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा द्वारा खराब रैंक लाने वाले विभागों को समझाते हुए खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट कराया गया, जिस पर अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि केपीआई में कुछ परेशानियों आ रही ?थी जो कि अब सही हो गयी हैं जिससे आगामी माह की रैंकिंग अच्छी आयेगी। वहीं कुछ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि वह समय से पोर्टल अपडेट नहीं कर पाये, इसके साथ ही अन्य कारण भी सामने आएं। जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट किया कि यदि पोर्टल से सम्बंधित कोई भी शिकायत या समस्या है तो मुझे अवगत करायें, आगामी माह में किसी रैंकिंग खराब नहीं आनी चाहिए। साथ ही सभी अधिकारी किसी भी कार्य को अपनी स्तर पर लम्बित ना छोड़े, जैसे ही कोई कार्य आपकी टेबिल पर आता है उसका तुरन्त निराकरण करें या आपके स्तर का नहीं है तो उसे त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग को भेंजे। आईजीआरएस पर आने वाले शिकायतों का निस्तारण करने पर स्थलीय निरीक्षण व फीड़बैक किसके द्वारा दिया गया है उसकी पूर्ण जानकारी सम्पर्क सूत्र हित अपलोड़ करें। जनप्रतिधियों के साथ किये गये पत्राचार हेतु रजिस्टर बनाये एवं विभाग द्वारा किये गये शिकायत एवं कार्यो (योजनाओं) से सम्बधित कार्यों में हुई प्रगति का भी रजिस्टर बनाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि शासनादेश के अनुपालन में 24-26 जनवरी 2025 को हिन्दी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से "उत्तर प्रदेश दिवस-2025" कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें वर्ष 2025 के "उत्तर प्रदेश दिवस " आयोजन की मुख्य थीम "विकास एवं विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" है। अतएव समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रद ?र्शनियां, संगोष्ठियां, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं जनपद की धरोहर की प्रर्दशनियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। सभी विभाग शासनदेश के अनुपालन में आवंटित स्टाल पर आदेशित प्रदर्शनी की थीम व अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाना सुनिश्चित करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों एवं विजेता प्रतियोगिताओं को उपहार या भेंट ऐसी देनी चाहिए जो कि उनके काम आ सके। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने पत्रकारों से भेंट वार्ता की। इस दौरान पत्रकारों द्वारा जिलाधिकारी महोदय से जनपद के विकास हेतु उनकी कार्य योजना सहित जनपद की विभिन्न ?समस्याओं से सम्बंधित सवालात किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि मी ?डिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, मै अ ?भी इस जिले में नया आया हूं जनपद की काफी समस्याओं से अवगत हूं और आने वाले समय में शेष समस्याओं से मीडिया बंधुओं, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनपदवासियों के सहयोग से शीघ्र अवगत हो जाऊंगा। जनपदवासियों की समस्याओं और सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभार्भियों तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेंगी।? बैठक व भेंट वार्ता के दौरान अधिकारियों और पत्रकारों ने नवनियुक्त जिलाधिकारी का स्वागत किया।

## गाजियाबाद में गोशाला का निर्माण किया जा रहा है



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बालाजी सेवा धाम के आचार्य अमित जी के सानिध्य में ग्राम मोरटा गाजियाबाद में गोशाला का निर्माण किया जा रहा है जिसका भूमि पूजन गायत्री यज्ञ द्वारा किया गया जिसमे दूध देने वाली देसी गाय साहीवाल,व गिर गाय रखी जाएंगी आचार्य जी ने कहा हमारा उद्देश्य देसी गायों को बचाना है देसी गाय तब तक सुरक्षित नही होंगी जब तक हम देसी गाय का दूध स्वयंऔर अपने बच्चों को गाय नही पिलाएंगे गाय को भारत की इकोनॉमी में सम्मिलित नहीं करेंगे तब तक आए सुरक्षित नहीं होगी इस्लामी जिहादियों द्वारा देशी गायों को षडयंत्र पूर्वक भारत से समाप्त किया जा रहा है कहीं ऐसा ना हो कि गाय एक दिन भारत के अंदर जड़ से समाप्त हो जाए देसी गायों का प्रोडक्शन करके अच्छी नस्ल की गाय तैयार करेंगे साथ में निर्धन गायों के गोबर से प्रोडक्ट तैयार किए जाएंगे गौशाला की प्रधान प्रियंका ने कहा बालाजी आश्रम अधिक से अधिक परिवारों तक शुद्ध दूध पहुंचाने का प्रयास करेगा इसके लिए परिवारों के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिए गए हैं बालाजी आश्रम गौशाला से संपर्क करें ।

## पहले चरण का लकी ड्रॉ होने के एक माह बाद भी नहीं शुरू हुए दाखिले

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिले में आरटीई के पहले चरण का लकी ड्रॉ होने के लगभग एक महीने बाद भी दाखिले शुरू नहीं हो सके हैं। दाखिले तो दूर पहले चरण में चयनित सभी बच्चों को तय समय सीमा में ऑफर लेटर तक नहीं बंट सके हैं। वहीं जिन बच्चों को ऑफर लेटर मिल गए है उन्हें स्कूल अप्रैल में दाखिला देने की बात कर रहे हैं। निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 24 दिसंबर को पहला ड्रॉ कराया गया, जिसमें कुल 3035 बच्चों का चयन किया गया। शासन के मुताबिक सभी बच्चों को 27 दिसंबर तक ऑफर लेटर मिल जाने चाहिए थे, लेकिन 24 दिन बाद भी 38 फीसदी बच्चों के ऑफर लेटर नहीं बंट सके हैं। असल में तथ समयसीमा के भीतर ऑफर लेटर नहीं बनने से अभिभावक लगातार चक्कर काटते रहे। इसके बाद जब ऑफर लेटर बने तो जानकारी नहीं होने से अभिभावक उन्हें लेने नहीं पहुंच रहे हैं। आरटीई प्रभारी दिनेश पाल ने बताया कि सभी बच्चों के ऑफर लेटर तैयार हो गए है। जो भी अभिभावक आ रहे हैं उन सभी को वितरण किया जा रहा है। अभी तक 3035 में से तकरीबन 1900 ऑफर लेटर दिए जा चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ जिन अभिभावकों को ऑफर लेटर मिल गए हैं. उन्हें स्कूल अप्रैल में दाखिला देने की बात कड़ रहे हैं। आरटीई प्रभारी दिनेश पाल का कहना है कि शीतकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद चल रहे थे। अब स्कूल खुल गए हैं। कोई स्कूल दाखिले से इंकार करता है तो अभिभावक शिकायत करें, उनके बच्चों को दाखिला दिलाया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि बीते वर्ष ऑनलाइन ही ऑफर लेटर बनाए गए है और ऑनलाइन ही वितरण किया गया। इससे ऑफर लेटर डाउनलोड करने में काफी दिक्कतें हुई। इसी वजह से इस बार सभी ऑफर लेटर ऑफलाइन ही तैयार किए हैं। इसी की वजह से इन्हें बनाने में समय लगा। ऑफलाइन वितरण के चलते सभी अभिभावकों का डाटा और दस्तावेज का रिकॉर्ड भी हमारे पास है। एक जनवरी से 19 जनवरी तक आरटीई के दूसरे चरण में कुल 2840 अभिभावकों ने अपने बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन किया है। अब सभी प्राप्त आवेदनों का 23 जनवरी तक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 24 जनवरी को लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। इसमें चयन होने के बाद सभी बच्चों की 27 जनवरी तक ऑफर लेटर दिए जाने हैं। ऑफर लेटर के आधार पर ही स्कूलों में बच्चों के दाखिले होंगे।

## प्रधानमंत्री की उम्मीदों पर खरा उतर रहें केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरीः इंद्रजीत सिंह टीटू

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने भारतीय प्रतिभाओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इंडियन वर्कर्स के नेतृत्व में अहम भूमिका निभायी है और हर जगह अपनी काबिलियत साबित की हैं। सक्सेस की ये कहानी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर और भी ज्यादा आगे बढ़ने वाली है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम यानी डब्ल्यूईएफ की सालाना मीटिंग से परे इस स्की रिसॉर्ट शहर में पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में मंत्री ने कहा है कि पूरी दुनिया देख रही है कि भारत स्किल डेव्हलपमेंट और एजुकेशन के सेक्टर में किस तरह काम कर रहा है। उन्होंने दुनिया के सामने भारत की विकास की कहानी पर और अधिक जोर दिए जाने की आवश्यकता को हाइलाइट करते हुए कहा है कि दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है। इसमें ग्लोबल इकोनॉमी से जुड़े लोग, विभिन्न देशों के नेता, सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठन और कॉरपोरेट घरानों के लोग शामिल होते हैं। चौधरी ने दावोस पहुंचने के तुरंत बाद कहा है कि जो लोग एडवांस टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं और जो लोग नए विचारों पर काम कर रहे हैं, वे सभी यहां आते हैं। एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल बहुत उम्मीदों के साथ यहां आया है और मुझे यहां भारत का प्रतिनिधि बनने का शानदार अवसर मिला है। मंत्री ने कहा है कि भारत में स्किल डेव्हलप्मेंट और हमारे युवाओं के विकास के लिए जो काम किया जा रहा है, वह जमीनी स्तर पर दिख रहा है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत स्किल डेव्हलप्मेंट के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडियन वर्कर्स जहां भी काम करने जाते हैं, अपनी क्षमता साबित करते हैं और टॉप नेतृत्व की भूमिकाओं सहित अपना सही स्थान हासिल करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि हम उन कहानियों को साझा करने के लिए दावोस आए हैं।

## भारी पुलिस फोर्स की मौजदूगी में युवक-युवती का हुआ दांह संस्कार

वेलकम इंडिया

■ ट्रेन के आगे कूदकर गांव सीकरी खुर्द निवासी सागर और विशाखा ने जान दे दी थी।

**गाजियाबाद।** ट्रेन के आगे कूदकर जाने देने वाले युवक-युवती का अंतिम संस्कार सोमवार देर रात गांव सीकरी खुर्द में भारी पुलिस फोर्स की मौजदूगी किया गया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

गांव हिसाली में रेलवे फाटक के पास सोमवार सुबह 11 बजे एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर गांव सीकरी खुर्द निवासी सागर और विशाखा ने जान दे दी थी। दोनों एक साल से प्रेम प्रसंग में थे और शादी करना चाहते थे। घर आसपास होने के कारण परिजन शादी नहीं करना चाहते थे। सोमवार देर रात पुलिस फोर्स की मौजदूगी में शवों का अलग-अलग स्थान पर अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों के परिजन प्रेम प्रसंग के बारे में जानते थे। समय रहते इस पर ध्यान दिया जाता तो शायद हादसा नहीं होता। मृतकों के घर आसपास होने से गांव में तनाव जैसी स्थिति बनी हुई है। इसको देखते हुए गांव में पुलिस तैनात की गई। इस मामले में किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या से जुड़ा है। यदि कोई तहरीर आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## सब्जी मंडी में नया दफ्तर मिलने के बाद भी सुविधाओं की कमी

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित नवीन फल और सब्जी मंडी में अधिकारियों को नए दफ्तर मिल गया है। कार्यालय तीसरी मंजिल पर है। यहां जाने के लिए लोगों को लिफ्ट का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन बैकअप नहीं होने से लिफ्ट में फंसने की घटनाएं हो रही हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। लोगों ने बताया कि इमारत के पहले तल पर कैंटीन, दूसरे पर इनाम वाले, तीसरे पर मंडी कार्यालय है। रोजाना सैकड़ों लोग टैक्स की रसीद लेने और जाम करने आते हैं। कई बार लोग लिफ्ट में फंस जाते हैं। इसका कारण लाइट जाने के बाद बैकअप नहीं होना है।

सीढियों के सहारे ऊपर जाने में बुजुर्ग व्यापारी और अधिकारियों को परेशानी हो रही। मंडी सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यालय में सुविधाएं नहीं हैं, उनके लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्य कार्यालय हो जल्द भेजा जाएगा। वहीं, अन्य समस्याओं को भी जल्द दूर किया जाएगा।

## मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में "उत्तर प्रदेश दिवस-2025" को समारोह पूर्वक मनाने के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में "उत्तर प्रदेश दिवस-2025" को समारोह पूर्वक मनाने के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान बताया ?गया कि दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने बैठक के दौरान बताया कि शासनादेश के अनुपालन में 24-26 जनवरी 2025 को हिन्दी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से "उत्तर प्रदेश दिवस-2025" कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें वर्ष 2025 के "उत्तर प्रदेश दिवस " आयोजन की मुख्य थीम "विकास एवं विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" है। अतएव समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रद ?र्शनियां, संगोष्ठियां, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं जनपद की धरोहर की प्रर्दशनियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग शासनदेश के अनुपालन में आवंटित स्टाल पर आदेशित प्रदर्शनी की थीम व अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा, डिप्टी चीफ वार्डन श्री ललित जायसवाल, जिला? बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव, जिला प्रोबेसन अधिकारी, डीडी कृषि, डीएसटीओ, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पांच लाख के लिए दहेज लोभियों ने तोड़ी सगाई

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र निवासी एक युवती के साथ हुई सगाई दहेज की बलि चढ़ गई। गोदभराई और सगाई के बाद वर पक्ष की ओर से पिता- पुत्र ने पांच लाख रुपये के दहेज की मांग रख दी। इस मांग को पूरी करने में लड़की के पिता ने असमर्थता जताई तो पिता पुत्र ने शादी करने से ही इंकार कर दिया। सगाई की रस्म दिसंबर में पूरी हो चुकी थी और शादी जुलाई में होनी थी, लेकिन पांच लाख की मांग के चलते सारी तैयारियों को पलीता लग गया। युवती के पिता की ओर से मामले में पिता - पुत्र के खिलाफ दहेज मांगने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्वर्णजयंतीपुरम निवासी युवती के पिता ने उसकी सगाई विकास के साथ की थी। 2 दिसंबर को गोदभराई और रिंग सेरेमनी भी हो गई थी। शादी के लिए जुलाई की तारीख भी तय हो चुकी थी। परिवार अपनी बेटी को विदा करने की तैयारियों में जुटा हुआ था। इसी बीच विकास के पिता राकेश तोमर के एक संदेश ने सबको हिलाकर रख दिया।

# नदी की बीच धारा को रोककर अवैध खनन जारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद (अरूण मिश्रा)।** यूपी के गाजियाबाद के लोनी पचारा गांव में अवैध रूप से लगातार जानी है रेत खनन इतना ही नहीं रेत खनन यमुना नदी की बीच धारा को रोककर बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीन बीच नदी में उतार कर नदी से रेत निकालने कार्य बा बस्तूर जारी है। एसडीएम द्वारा आज तक पोखले मशीन मशीनें पर कोई कार्यवाही नहीं की गई इससे पहले कई बार लोनी के उप जिला अधिकारी पोखलेन मशीन पर कर चुके है कार्यवाही मानक में कहते है नदी में पोखलेन मशीन नहीं उतार सकते है न ही पोसालेन से खनन कर सकते है। एसडीएम बोले मामाला जानकरी में आया है चेक करवाते है यही लोनी में ओवर लोड रेत से भरे डंपर भी बन रहे हादसे का कारण, शिकायत करने के बाद भी नहीं दिया जा रहा है इस ओर ध्यान। गाजियाबाद लोनी पचारा में अवैध खनन जारी है प्रशासनिक अफसरों की लचर कार्य प्रणाली के चलते ओवर लोड रेत से भरे पर बेराखौफ होकर लोनी की सड़को पर से अधी, रफ्तार से गुजर रहे है, लेकिन अफसरों द्वारा ओवरलोड रेत से भरे डंपरों पर कार्रवाई नहीं किए जाने की उनकी भूमिका पर सवाल ब्याए जा रहे है। लोनी चमुना नदी से रेत खदानों से ओवरलोड रेत भर कर डंपर और ट्रक लोनी के ट्रॉनिका सिटी से निकलते है जिनसे सड़के भी खराब हो रही है स्टेट हाईवे दिन के उजाले व रात के अंधेरे में गुजरते हैं। और लोनी और दिल्ली एनसीआर की सीमा में प्रवेश करते ही चालक डंपर की स्पीड बड़ा लेते है। अंधी रफ्तार से गुजरते यह रेत भरे वाहन कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकते। लोनी का व्यस्ततम तिराहा, चौराहा से ही रेत से भरे माहन अंधी रफ्तार से दौड़ते हुए गुजरते है। इस चौराहा पर सुबह से रात तक भारी ट्रैफिक रहता है।